आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ...

# यश भारत

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

यश भारत परिवार की ओर से जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

● वर्ष- 16 अंक 195 ● कटनी ● शुक्रवार, 19 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## कृष्ण जन्माष्टमी आज

## देशभर में उत्साह के साथ मनाई जा रही जन्माष्टमी

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** देशभर में आज कृष्ण जन्माष्टमी पर्व उत्साह के साथ मनाई जा रही है। आज सुबह से ही कृष्ण मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। हिंदू पंचांग के मुताबिक 18 अगस्त को रात 9.21 बजे से अष्टमी तिथि शुरू हो गई है, जो 19 अगस्त यानी आज रात 10.59 बजे समाप्त होगी। श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में भी आज जन्माष्टमी मनाई जा रही है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण की पूजा के लिए मथुरा जाएंगे। वहीं मुंबई में दही हांडी की तैयारी चल रही है। यहां भी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दही हांडी को साहसिक खेल का दर्जा देने का ऐलान किया है।

## महाराष्ट्र में दही हांडी को खेल का दर्जा

### घायल और मृत होने पर मिलेंगे 5-10 लाख रुपए गोविंदाओं को नौकरियों में मिलेगा आरक्षण

**मुंबई,एजेंसी।** दही हांडी उत्सव के दौरान गोविंदाओं का ग्रुप मैदान, सड़क या कम्पाउंड में इकट्ठा होता है और पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर लटकी मिट्टी की मटकी को तोड़ते है,खो-खो और कबड्डी की तरह ही अब महाराष्ट्र में दही हांडी को एक खेल का दर्जा दिया गया है। इसे एडवेंचर स्पोर्ट्स का एक प्रकार माना जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि दही हांडी में शामिल होने वाले गोविंदाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ, सरकारी नौकरियों में 5 फीसदी आरक्षण भी दिया जाएगा। जल्दी ही प्रो कबड्डी के नियमों के आधार पर राज्य में दही हांडी प्रतिस्पर्द्धा भी शुरू की जाएगी।


## शराब, सिसोदिया और सीबीआई

# दिल्ली ही नहीं 7 राज्यों में खंगाले जा रहे सबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में एक्साइज पॉलिसी की जांच की सिफारिश के बाद सीबीआई ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर छापेमारी की गई। दिल्ली समेत 7 राज्यों में 21 जगहों पर तलाशी की जा रही है। दमन और दीव में भी सीबीआई का छापा चल रहा है।**



सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि मनीष सिसोदिया समेत 4 लोकसेवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।सीबीआई की टीम दिल्ली-एनसीआर समेत 7 राज्यों के 21 ठिकानों पर दस्तावेज खंगाल रही है। इनमें सिसोदिया का सरकारी आवास और आईएएस अफसर अरवा गोपी कृष्णा के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। गोपी कृष्णा ने ही एक्साइज पॉलिसी को तैयार किया था। इसके अलावा पॉलिसी से जुड़े रहे कुछ अन्य अधिकारियों के घर भी छापेमारी की सूचना है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक्साइज पॉलिसी 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी। दिल्ली के मुख्य सचिव की जुलाई में दी गई रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी, जिसमें जीएनसीटीडी अधिनियम 1991, कार्यकरण नियम (टीओबीआर)-1993, दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम-2009 और दिल्ली उत्पाद शुल्क नियम-2010 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाए जाने की बात कही गई थी। इस बीच, सिसोदिया ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि वह सीबीआई का स्वागत करते हैं। उन्होंने ट्वीट किया, सीबीआई आई है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नम्बर-एक नहीं बन पाया। उन्होंने कहा, हम सीबीआई का स्वागत करते हैं। जांच में पूरा सहयोग देंगे ताकि सच जल्द सामने आ सके। अभी तक मेरे खिलाफ कई मामले किए गए लेकिन कुछ नहीं निकला। इसमें भी कुछ नहीं निकलेगा। देश में अच्छी शिक्षा के लिए मेरा काम रोका नहीं जा सकता। छापेमारी के बीच भाजपा ने दिल्ली सरकार और सिसोदिया पर बड़े आरोप लगाए हैं। भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा है कि शराब माफियाओं के तार तेलंगाना से भी जुड़े हुए हैं। वहीं भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा कि तीसरा चोर (केजरीवाल) भी पकड़ा जाएगा।



**स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं**

### अच्छे कामों को रूकने नहीं देंगे

,75 सालों में जिसने भी अच्छे काम की कोशिश की, उसे रोका गया सीबीआई की कार्रवाई पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की पूरी दुनिया चर्चा कर रही है। इसे ये(केंद्र सरकार) रोकना चाहते हैं। इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रियों पर छापेमारी और गिरफ्तारी की जा रही है। 75 सालों में जिसने भी अच्छे काम की कोशिश की, उसे रोका गया। इसीलिए भारत पीछे रह गया। सीएम केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली के अच्छे कामों को रुकने नहीं देंगे।

## आप ने कहा- मोदीजी केजरीवाल को रोक नहीं पाएंगे

आप ने सीबीआई छापे के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल 3 बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। पंजाब गए तो वहां प्रचंड बहुमत से आप की सरकार बनी। पूरे देश में केजरीवाल का शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल पहुंच रहा है। देश में केजरीवाल के नाम पर लोग जुड़ रहे हैं, लोकप्रियता बढ़ रही है। 2 दिन पहले भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने का अभियान उन्होंने शुरू किया, देश के हर हिस्से से लोग जुड़ रहे हैं। नरेंद्र मोदीजी के गुजरात से समर्थन मिल रहा है। संजय सिंह ने कहा, च्केजरीवाल चुनाव जीत रहे हैं, लोकप्रियता बढ़ रही है। इसका कारण दिल्ली का स्वास्थ्य और शिक्षा का मॉडल। इससे नरेंद्र मोदीजी को नींद नहीं आती है। एक ही चिंता लगी रहती है कि कैसे केजरीवाल को रोकना है। शिक्षा और स्वास्थ्य के मॉडल को रोकना है। उन्होंने कहा, च्शर्म आती है कि प्रधानमंत्री की सोच का स्तर इतना छोटा है कि बौखलाकर दूसरे दिन ही सिसोदिया के घर सीबीआई भेज दी। उन्हें खुश होना चाहिए था। मकसद शराब नीति की जांच नहीं है। मकसद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता को रोकना है। शराब मुद्दा होती तो सबसे पहले गुजरात में नकली और जहरीली शराब बनाने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ जांच होनी चाहिए।



# राजू श्रीवास्तव का ब्रेन डेड, बॉडी में मूवमेंट नहीं

कानपुर , एजेंसी। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। लगातार 10 दिन से उनका इलाज चल रहा है, लेकिन कोई फायदा नहीं दिख रहा है। शुक्रवार को एम्स के डॉक्टर ने बताया कि राजू के दिमाग ने काम करना बंद कर दिया है। पूरी तरह ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। डॉक्टर पूरी कोशिश कर रहे हैं। उधर, परिवार के सभी लोग दिल्ली एम्स पहुंच चुके हैं। कॉमेडियन राजू के दोस्त एहसान कुरैशी ने बताया, च्राजू पिछले 25-30 घंटे से बेहोश हैं। उनका दिमाग रिस्पॉन्स नहीं कर रहा है। बिगड़ती हालत के बाद डॉक्टर्स ने कहा है कि बस दुआओं का सहारा है। हम बस उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैंज्ज वहीं, लेखक मनोज मुंतशिर ने कहा, च्राजू भाई, हिम्मत मत हारना। बस थोड़ा सा जोर और लगा दो। राजू के बड़े भाई के मुताबिक ब्लड प्रेशर भी नीचे आ गया है। डॉक्टर्स ने बीपी कंट्रोल करने के लिए दवाएं दी, लेकिन उसका असर खत्म होते ही बीपी फिर डाउन हो गया। उनके भाई के मुताबिक राजू की तबियत को देखते हुए पूरा परिवार हॉस्पिटल में ही मौजूद है। राजू को 10 अगस्त को हार्ट अटैक के बाद एम्स दिल्ली में एडमिट कराया गया था। उन्हें जिम में एक्सरसाइज के दौरान अटैक आया था। 10वां दिन भी उन्हें होश नहीं आया है। वो लगातार वेंटिलेटर सपोर्ट पर ही हैं। तब से वो कोमा जैसी अवस्था में हैं।राजू के क्कक्र गर्वित नारंग ने बताया, बुधवार देर रात करीब डे? बजे उनका सीटी स्कैन किया गया। उनके ब्रेन के ऊपरी हिस्से में सूजन और पानी मिला।

### डॉक्टर्स ने कहा- बस दुआओं का सहारा



### मनोज मुंतशिर बोले- भाई बस थोड़ा सा जोर और लगा दो

# भाजपा ने 7 राज्यों में चुनाव से पहले चला दलित कार्ड


**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते करीब डेढ़ सालों में देश के 7 राज्यों में चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले भाजपा ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा का फोकस दलित वोटर्स को साधने पर है, जिसकी राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों में अच्छी खासी आबादी है। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सामाजिक न्याय मंत्रालय को 950 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया है। यह फंड इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट और इनकम जनरेशन स्कीमों के लिए दिया गया है। यह बड़ा फंड 8 मंत्रालयों के उस फंड से ट्रांसफर किया गया है, जो उनसे खर्च नहीं हो सका था। माना जा रहा है कि इसके जरिए केंद्र सरकार अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर खास फोकस कर सकेगी। खासतौर पर 7 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह फैसला अहम माना जा रहा है। डिवेलपमेंट ऐक्शन प्लान और फॉर शेड्यूल्ड कास्ट्स के तहत 41 मंत्रालयों को अपने कुल बजट के 2 से 20 फीसदी तक के हिस्से को अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए खर्च करना होता है। लेकिन ज्यादातर मंत्रालय ऐसा नहीं कर पाए।

### मोदी सरकार ने दिया 950 करोड़ का फंड

# सलमान खान पर सोमी अली ने फिर लगाए संगीन आरोप?

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान (Salman Khan) अक्सर अलग अलग वजहों से खबरों में रहते हैं। वहीं कई बार वो सोमी अली द्वारा लगाए गए आरोपों की वजह से भी चर्चा में रहते हैं। ऐसे में एक बार फिर सोमी अली ने बिना नाम लिए कथित तौर पर सलमान खान पर आरोप लगाए हैं। सोमी ने मैंने प्यार किया का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है कि ये शख्स महिलाओं संग मारपीट करता है, इसे पूजना बंद करो। सोमी का ये पोस्ट चर्चा में आ गया है। सोमी अली ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है। सोमी के इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म मैंने प्यार किया का पोस्टर शेयर किया है, जिस में सलमान खान के साथ ही भाग्यश्री नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ सोमी ने कैप्शन में लिखा, च्महिलाओं संग मारपीट करने वाला, और सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि कई और भी। इसको पूजना बंद करो प्लीज। ये मानसिक रूप से बीमार है।ज्ज बता दें जिस अकाउंट से ये पोस्ट किया गया है वो वेरिफाइड नहीं है, लेकिन इसे ही सोमी का असली इंस्टा अकाउंट कहा जाता है।





## राष्ट्रगान के बीच ईशान किशन पर मधुमक्खी का हमला, रिऐक्शन वायरल- Video

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज का पहला मैच 18 अगस्त को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया। भारत ने एकतरफा अंदाज में मैच 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। इस मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम राष्ट्रगान के लिए मैदान पर पहुंची। राष्ट्रगान के बीच टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पर मधुमक्खी ने हमला बोल दिया, जिसके बाद उनका रिऐक्शन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।ईशान किशन मधुमक्खी से परेशान दिखे और एकदम से चौंक गए। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो खूब शेयर किया जा रहा है। ईशान किशन पूरी तरह से राष्ट्रगान में रमे हुए थे, तभी उनके कान के पास मधुमक्खी पहुंच गई ।

# कांग्रेस का अध्यक्ष कौन?

## अब कमलनाथ से लेकर मीरा कुमार समेत कई नामों की भी चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस का अगला अध्यक्ष कौन होगा? यह ऐसा सवाल है जिसके जवाब में कई तरह के कयास काफी समय से लगाए जा रहे हैं। दरअसल, राहुल गांधी की ओर से पार्टी के टॉप पोस्ट को लेकर अनिच्छा दिखाने से सवाल और भी जटिल हो गया है। ऐसा माना जा रहा था कि राहुल ही कांग्रेस की कमान दोबारा संभालेंगे, लेकिन जानकार बताते हैं कि वह इसे लेकर बहुत उत्साहित नहीं दिखते हैं।2019 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर यह जिम्मेदारी संभाल रही हैं। राहुल के प्रति ईमानदार और पार्टी के कुछ सीनियर नेताओं का मानना है कि दोबारा उन्हें ही अध्यक्ष पद संभालना चाहिए। इसे लेकर राहुल पर एक तरह का दबाव भी डाला जा रहा है। ये लोग गांधी परिवार के बाहर के किसी व्यक्ति के कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के विचार से सहमत नहीं हैं।





**गांधी परिवार के बाहर का व्यक्ति बने पार्टी अध्यक्ष**

हालांकि, कांग्रेस के कई सीनियर नेता इस बात पर जोर देते रहे हैं कि गांधी परिवार के बाहर के किसी शख्स के पार्टी अध्यक्ष बनने का समय आ गया है। ध्यान रहे कि बीते तीन साल में कांग्रेस कोई बड़ा चुनाव नहीं जीत पाई है। सवाल है कि अगर राहुल दोबारा कांग्रेस अध्यक्ष बनने से इनकार कर देते हैं और सोनिया भी अब पीछे हट जाती हैं तो क्या होगा? आखिर वो कौन से चेहरे हैं जो कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुशील कुमार शिंदे, मल्लिकार्जुन खड़गे, मुकुल वासनिक और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार का नाम भी इस लिस्ट में है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी इस पद के लिए बड़े दावेदार माने जाते हैं। इनके अलावा कुछ लोग जयराम रमेश और अंबिका सोना में भी इसकी संभावना देखते हैं। हालांकि, अभी कुछ भी दावे के साथ कहना संभव नहीं है। जानकारों का मानना है कि कांग्रेस अध्यक्ष किसे बनाया जाए, इसका चुनाव कर पाना पार्टी आलाकमान के लिए भी बहुत मुश्किल हो गया है।

## डोलो ने डॉक्टरों को बांटे 1 हजार करोड़ के गिफ्ट

# सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- कोरोना में मुझे भी डोलो-650 खाने का सुझाव दिया गया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना महामारी के दौरान चर्चा में रही पैरासिटामोल दवा च्डोलोज् की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में दावा किया गया है कि फार्मा कंपनी ने बुखार की दवा डोलो-650 मरीजों को देने के लिए देशभर में डॉक्टरों को 1 हजार करोड़ रुपए के फ्री गिफ्ट बांटे हैं। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी 7 दिन में जवाब मांगा है। फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से सीनियर एडवोकेट संजय पारिख ने सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने इस बात का दावा किया है। एडवोकेट पारीख ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स की रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एएस बोपन्ना की बेंच ने की। जस्टिस चंद्रचूड़ हाल ही में कोरोना संक्रमित हुए थे। उन्होंने सुनवाई के दौरान एक वाकये का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया- च्जो आप कह रहे हैं, वो मुझे सुनने में अच्छा नहीं लग रहा। ये वही दवाई है, जिसका कोविड के दौरान मैंने खुद इस्तेमाल किया। मुझे भी इसका इस्तेमाल करने के लिए बोला गया था। ये वाकई गम्भीर मसला है।डॉक्टरों की जवाबदेही तय करने की मांग फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि इस तरह के मामलों में रिश्वत के लिए डॉक्टरों पर तो केस चलता है, पर दवा कंपनियां बच जाती है। याचिका में डॉक्टरों को तोहफे देने वाली दवा कंपनियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई।



### यूनिफॉर्म कोड भी बनाए जाने की मांग

याचिका में कहा गया है कि फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज के लिए यूनिफॉर्म कोड बनाए जाने की जरूरत है। इसके ना होने के चलते मरीजों को ब्रांडेड कंपनियों की बहुत ज्यादा कीमत वाली दवाई खरीदनी प ?ती है क्योंकि अक्सर उनका इलाज करने वाले डॉक्टर महंगे गिफ्ट के लालच में मरीजों को वही दवाई पर्चे पर लिखते हैं।

### सुको ने केन्द्र सरकार से भी जवाब मांगा

कोर्ट ने याचिका में रखी गई मांगों पर केंद्र सरकार को एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 10 दिनों के बाद की जाएगी। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) केएम नटराज ने कहा कि सरकार की ओर से हलफनामा लगभग तैयार है।

# पश्चिम बंगाल में नाबालिग को 200 जूते मार

## मोबाइल गेम की अजीब शर्त, हारने के बाद दोस्तों ने पीटा, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में एक नाबालिग को 200 बार पीटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक मोबाइल गेम में हारने के बाद उसे जूतों से पीटा गया। लड़के को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना पोटाशपुर गांव की है। कुछ नाबालिग लड़के बुधवार को अपने घर से दूर एक खाली जगह पर मोबाइल गेम चला रहे थे। इसमें हारने पर 200 बार जूतों से पीटने की शर्त थी। सूत्र का दावा है कि गेम हारने पर एक नाबालिग को जूतों से 200 बार पीटा गया।घर लौटने के बाद नाबालिग बीमार पड़ गया और उसकी नाक से खून बहने लगा। घायल को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में हालत बिगड़ने पर उसे मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इसके बाद उसके साथियों से पूछने पर अभिभावकों को मोबाइल गेम के बारे में पता चला।नाबालिग के परिजन स्थानीय थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। इसके बाद आरोपी नाबालिगों को पूछताछ के लिए पोटाशपुर थाने ले जाया गया। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी मिली है कि मोबाइल गेम हारने के बाद गंभीर रूप से घायल एक नाबालिग का पहले से ही अस्पताल में इलाज चल रहा है।





# नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की

## जन्माष्टमी आज, मध्यरात्रि मनेगा श्री कृष्ण जन्मोत्सव, मंदिरों में रहेगी धूम, दर्शन करने उमड़ेगी भीड़

कटनी, यशभारत। मानवलीला के कुशल चितेरे नटखट कन्हैया का जन्मोत्सव पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज शुक्रवार को शहर में अपार उत्साह एवं हर्षोल्लासमय वातावरण में मनाया जा रहा है। आज भाद्रपद्र माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म होगा और नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से सारा आलम गूंज उठेगा। मंदिरों में घंटे, शंख, ढोल नगाड़े की गूंज के बीच भगवान की पूजा अर्चना की जाएगी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर बरही रोड स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, स्टेशन रोड स्थित श्री महालक्ष्मी ट्रस्ट कमेटी मंदिर, सिविल लाईन स्थित मघई मंदिर और सिल्वर टाकीज कम्पाउण्ड स्थित श्री गोविंद देव जी मंदिर में नटखट कन्हैया की बाल लीलाओं पर आधारित चित्ताकर्षक और मनमोहक झांकियां सजाई गई हैं। इसमे से अधिकांश झांकियां चलित है, जिन्हें देखने आज रात मंदिरों में श्रद्धालुओं का अपार जनसमुदाय उमड़ेगा। श्री सत्यानारायण मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी विशाल मेले का आयोजन किया गया हैं। जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में खासी चहल-पहल और रौनक रहेगी।





सत्यनारायण मंदिर में सजीं झाकियां

### सत्यनारायण मंदिर में भगवान के दर्शनार्थ उमड़ेगी भीड़

श्री सत्यनारायण मंदिर में भगवान के दर्शनाथ शाम से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ेगी। यहां मेले का आयोजन भी किया गया है। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यहां श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं सहित विविध लीलाओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं। जिसको लेकर पुलिस और प्रशासन द्वारा आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। बरही रोड स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण के बाल-जीवन पर आधारित झांकियां सजाई गई है, जिन्हें बाहर से आए कलाकारों द्वारा अथक परिश्रम के बाद तैयार किया गया है। बरही रोड स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में मध्यरात्रि 12 बजे भगवान का जन्म होगा।

### श्री गोविंद देव जी मंदिर में रियलस्टीक रंगोली का प्रदर्शन

श्री गोविंद देव जी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व पर रायपुर से आए कलाकारों एवं उनके ग्रुप द्वारा रियलस्टीक रंगोली बनाकर भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं एवं स्वरूपों का मनोरम चित्रण किया गया है। जो जनाकर्षण का केन्द्र रहेगा। श्री गोविंद देव जी मंदिर में आज 19 अगस्त को सायं 5 बजे से रात्रि तक 12 बजे भगवान के दर्शन किए जा सकेंगे, इसके बाद जन्मोत्सव एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### दधिकांदो महोत्सव 21 को

जन्माष्टमी पर्व पर हर साल की तरह इस साल भी श्री बधाई उत्सव कमेटी के तत्वावधान में दधिकांदो महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दधिकांदो महोत्सव की भव्य शोभायात्रा 21 अगस्त को लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस लक्ष्मीनारायण मंदिर पंहुचकर समाप्त होगी। शोभायात्रा की तैयारियां अंतिम दौर पर पहुंच गई हैं। पिछले दो सालों से कोरोना संक्रमण की वजह से शोभायात्रा का आयोजन नहीं हो सका था इसलिए इस बार शोभायात्रा को लेकर अधिक उत्साह नजर आ रहा है।

### असुरों का पतन करने हुआ था कृष्ण का जन्म

जब-जब असुरों के अत्याचार बढ़े हैं और धर्म का पतन हुआ है, तब-तब भगवान ने पृथ्वी पर अवतार लेकर सत्य और धर्म की स्थापना की है। इसी कड़ी में भाद्रपद्र माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मध्यरात्रि को अत्याचारी कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लिया, चूंकि भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे, इसलिए इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं। इस दिन स्त्री-पुरूष रात्रि 12 बजे तक व्रत रखते हैं। मंदिरों में झांकियां सजाई जाती है और भगवान श्री कृष्ण को झूला झुलाया जाता है।

## नीलिमा ❤ से

### फिर आओ कृष्ण मुरारी



प्रेम त्याग और अध्यात्म की मधुर बाँसुरी सुना जाना
हे मुरलीधर इस धरती पर फिर से प्रेम बरसाने आ जाना

राधा सा निश्चल प्रेम और प्रीत में मीरा सी दीवानगी
हे गिरधर गोपाल तुम सच्चे प्रेम का रूप फिर से दिखाने आ जाना

जीवन का सही मार्गदर्शन, कर्म पथ पर अडिग रहना
हे कृष्णा तुम सारथी बन फिर संसार को सिखा जाना

अधर्म को दूर कर, धर्म पथ, लक्ष्य मार्ग एकर्म ही पूजा
हे वासुदेव तुम पथ भ्रष्ट समाज को गीता का ज्ञान सिखा जाना

पग - पग में हो रहा कितनी द्रौपदी का चीरहरण और अपमान
हे माधव तुम इन दुःशासन से नारी की लाज बचाने फिर आ जाना

रिश्तों में बैठे छल कपट बुराई के कंस को दूर कर
हे देवकी यशोदा मैया के पुत्र तुम हर बेटे को फर्ज निभाना सिखा जाना

नफरत में तुम प्यार घोलकर अत्याचार का दुर्योधन मार कर
हे सुदर्शन चक्रधारी इस धरती पर तुम फिर चेतना नयी जगा जाना






- नीलिमा पाठक सामंतरे


नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 19 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
रक्षाबंधन
कलाकार- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-


# ब्रेजा कार से 123 किलो गांजा बरामद



**सैलारपुर गांव में वाहन चैकिंग के दौरान स्लीमनाबाद पुलिस को मिली सफलता, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार**

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद पुलिस ने ब्रेजा कार से प्रतिबंधित गांजा की तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। गांजे की खेप ब्रेजा कार में उड़ीसा से पन्ना छतरपुर ले जाई जा रही थी। सैलारपुर गांव में पुलिस चैकिंग के दौरान गांजा तस्कर भागे तो पुलिस ने उनका पीछा किया। इसी दौरान उनकी कार कीचड़ में फंस गई और पुलिस ने 123 किलो गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि मौके का फायदा उठाकर एक आरोपी भाग निकला। जप्त किए गए गांजा और कार की कीमत करीब 24 लाख रुपए आंकी गई है।

गुरुवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि स्लीमनाबाद थाना पुलिस देहात भ्रमण के दौरान सैलारपुर गांव के पास वाहन चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की ब्रेजा कार एम.पी.18सीए-3612 नवलिया पिपरिया गांव की ओर से तेज रफ्तार से आई और पुलिस के रोकने पर भी नहीं रुकी। जिसके बाद पुलिस टीम ने कार का पीछा किया। करीब दो किलोमीटर पुलिस टीम ने कार का पीछा किया। सैलारपुर गांव के पास ही कार कीचड़ में फंस गई। इससे पहले की पुलिस वहां तक पहुंचती कार से एक युवक उतरकर जंगल की ओर भाग गया। पुलिस ने कार में सवार एक युवक को हिरासत में लेते हुए कार की तलाशी ली तो उसके अंदर गांजे से भरी सात बोरियां मिली। पुलिस ने गांजा जप्त कर लिया। जप्त किया गया गांजा 123 किलो तीन सौ ग्राम है। पकड़ा गया आरोपी उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र के अरजुनी गांव निवासी 28 वर्षीय राजा पिता बाबूलाल यादव है।



### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में आरोपी को पकड़ने में स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे, उपनिरीक्षक नीरज दुबे, रोही ज्योत्सी, उदयभान मिश्रा, संतराम यादव, सहायक उपनिरीक्षक अनुराग पाठक, संतोष सिंह, राजेशी कोरी, प्रधान आरक्षक सुशील पांडेय, अजीत बागरी, आशीष आर्मो, अविनाश मिश्रा, आरक्षक सोने सिंह, रोहित सिंह, आशीष सोनी, प्रीतम मार्को, प्रशांत विश्वकर्मा, राजा साहू की भूमिका रही।


JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.




सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता



एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511



प्लाट बिकाऊ हैं
राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें.
मो. 9993705740


### सेवानिवृत्त निर्माणीकर्मी कृष्णदत्त शुक्ला का निधन

**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह के प्रतिष्ठित नागरिक एंव सेवानिवृत्त आयुध निर्माणी कर्मचारी श्री कृष्णदत्त शुक्ला(भैयाजी) का देररात दुःखद निधन हो गया। लगभग 85 वर्षीय श्रीशुक्ला काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे तथा चिकित्सकों की सलाह पर घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। श्रीशुक्ला का अंतिम संस्कार आज 19 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 12 बजे क्षेत्र स्थित शुक्ला परिवार के पैतृक श्मशानघाट में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


a Sainik Conduct Disciplined Degree College
Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977



HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking



City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



### आम सूचना



थाना कुठला जिला कटनी के मर्ग क्र. 41/21 धारा 174 जा.फौ में 15.06.2021 को कटनी पटवारा डाउन ट्रेक के बगल में रेलवे के.एम.1086/068 पर एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 48 से 50 वर्ष पड़ा मिला है । उक्त व्यक्ति किसी डाऊन वाली ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है गया है। अज्ञात मृत पुरुष का हुलिया रंग गेहुंआ, शरीर पर मटमैले रंग का पैन्ट सफेद व हरे शर्ट, मृतक पुरुष के सिर के सामने की तरफ बाल नहीं है। दाढ़ी पर चोट का निशान है। शरीर पर बाहर कटी-फटी चोटें चेहरा लम्बा, कद तकरीबन 5 फीट 5 इंच, इकहरा बदन है। कृपया अपने-अपने जिले थाना चौकी क्षेत्र में तलाश कर पता चलने पर थाना कुठला जिला कटनी, कन्ट्रोल रूम कटनी को सूचित करने का कष्ट करें।

**संपर्क- 1. पुलिस अधीक्षक महोदय मो. 7049100443, 2. पुलिस कन्ट्रोल रूम, कटनी फोन 07622-220412, 3. पुलिस थाना कुठला जिला कटनी 07677-240750**


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 11 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से




रक्षाबंधन
कलाकार- अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 11 से
दोपहर 12.30, 4, 7.15 एवं रात्रि 10.15 बजे से




लालसिंह चड्ढा
कलाकार- आमिर खान, करीना कपूर, नागा चैतन्य, मोना सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, शुक्रवार, 19 अगस्त 2022

# रेल कोचों में आग लगी या लगाई गई, जांच के लिए कमेटी गठित

## कटनी जंक्शन की वॉशिंग साइडिंग में खड़े अनुपयोगी रेल कोचों में आग लगने का मामला

## आरपीएफ के मुख्य सुरक्षा आयुक्त बोले जल्द करेंगे आग लगने के कारणों का खुलासा

**कटनी, यशभारत।** कटनी जंक्शन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 की तरफ स्थित वॉशिंग साइडिंग में खड़े खाली रैक में गुरुवार दोपहर आग लगने के कारणों को लेकर अफसर असमंजस में हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घटना स्थल पर ओएचइ (इलेक्ट्रिक तार) नहीं है। एसी बोगियां कई माह से खड़ी हैं तो उसमें बैटरी सहित अन्य खामी का सवाल ही नहीं उठता तो दूसरी ओर सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या बोगियों में आग लगाई गई है या किसी अवैध वेंडर या यात्री द्वारा इस स्थान पर ज्वलनशील सामग्री फेंक दी गई। जिससे आग लग गई। बहरहाल घटना के बाद गुरुवार देरशाम जबलपुर से आरपीएफ के मुख्य सुरक्षा आयुक्त अरूण त्रिपाठी एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने मौके पर जांच करते हुए आग लगने के संभावित कारण तलाशे और साक्ष्य एकत्रित किए। दूसरी ओर मुख्य सुरक्षा आयुक्त अरूण त्रिपाठी ने बताया कि आग किन कारणों व परिस्थितियों में लगी है इसका खुलासा जल्द किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वॉशिंग साइडिंग में स्लीपर कोचिंग रैक मार्च माह में यहां रखे गए थे। इसके अलावा मई माह में एसी कोच का रैक साइडिंग पर लगाया गया था। इन रैक को अन्यत्र स्थानों पर भेजे जाने के निर्देश मंडल स्तर से न मिलने के कारण इन्हें यहीं छोड़ दिया गया था। गुरूवार की दोपहर करीब 1 बजे स्लीपर कोच से धुआं उठने की जानकारी प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 पर मौजूद वेंडर व यात्रियों ने आरपीएफ व रेलवे अधिकारियों को दी। स्लीपर कोच में देखते ही देखते आग की लपटे उठने लगी और धुआं चारों तरफ फैल गया। इसी दौरान हवाएं तेज हुई और यहीं आग बगल में खड़े रैक के एसी कोच में पहुंच गई और एसी कोच भी जलने लगा। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान मुड़वारा स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे अपनी टीम के साथ, आरपीएफ के जवान व रेलवे कर्मचारी फायर फाइटर से आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। फायरब्रिगेड पहुंचते ही फायर कर्मचारियों के साथ आरपीएफ व रेलवे कर्मचारियों भी आग बुझाने में जुट गए।



### एसी कोच का कांच तोड़कर बुझाई आग

एसी कोच में लगी आग बुझाने की सही जगह न मिलने के कारण एसी कोच के कांच तोड़कर आग बुझाई गई। खिड़की से कर्मचारियों ने पानी अंदर फेंका। आग कम होने पर खिड़की से घुसकर गेट खोला गया, जिसके बाद अंदर जाकर आग बुझाई गई। कांच तोड़ने में सीसीआई संजय चौधरी व फायर कर्मी भोला प्रसाद को चोटें भी आई।

### अवैध वेंडरों की रहती है धमाचौकड़ी

बताया जा रहा है कि ट्रेनें में हो रही अवैध वेंडरिंग में शामिल अवैध वेंडरों का घटनास्थल के समीप जमघट रहता है। स्टेशन पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने बताया कि ये अवैध वेंडर वॉशिंग साइडिंग के समीप बैठकर ही नशा करते हैं। आशंका यह भी है कि इन्हीं के द्वारा ज्वलनशील सामग्री यहां फेंक दी गई होगी। हालांकि यह जांच का विषय है।

### सुपरवाइजर स्तर की टीम करेगी जांच

रेल प्रशासन ने घटना के कारणों की जांच के लिए सुपरवाइजर स्तर की टीम गठित कर दी है जो बहुत जल्द अपनी रिपोर्ट देगी। इन कोचों का 01 मार्च 2022 में आखिरी बार इस्तेमाल हुआ था तथा ये अनुपयोगी कोच लगभग 05 माह से अधिक समय से वॉशिंग पिट लाइन पर स्टेबल किए गए थे और इसके दरवाजे, खिड़की इत्यादि बंद और लॉक थे। प्रथम दृष्टया किसी असमाजिक तत्व का हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता, जिसके लिए जबलपुर से कटनी पहुंची फोरेंसिक टीम द्वारा जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

वॉशिंग साइडिंग में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। एफएसएल टीम ने भी जांच की है। साइडिंग में अनाधिकृत प्रवेश की आशंका को लेकर भी जांच करेंगे। जल्द ही आग लगने के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

**- अरूण त्रिपाठी,** मुख्य सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ



# राजयोग केंद्र में बच्चों ने दी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

**कटनी, यश भारत।** भगवान श्री कृष्ण ने ऐसे समय में जेल में जन्म लिया था जब निर्णय कंस जनता पर जुल्म बरपा रहा था भरी सभा में जब दुर्योधन ने द्रोपदी का चीर हरण करने का प्रयास किया तो उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने हो द्रोपदी की लाज बचा दिखा दिया था कि मनुष्य में अंह किसी भी काम का नहीं । उक्त आशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम के दौरान राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने व्यक्त किए उन्होंने आगे कहा कि श्री कृष्ण की महिमा ही है कि वह सर्वगुण संपन्न 16 कलाओं में संपन्न संपूर्ण निर्विकारी थे वर्तमान समय दुनिया की हालत ठीक नहीं है अभी वर्तमान में कोरोना वायरस का साया सारी दुनिया पर है विश्व के अनेक देशों में भय एवंअशांति का माहौल है इन सब का कारण मनुष्य की विकृत मानसिकता है । इस समय जो भी कृष्ण जैसा बनने की शिक्षा दी जा रही है उस शिक्षा को अपनाकर जीवन को विषय विकारों से मुक्त एवं खुशहाल बनाने की जरूरत है साथ ही नई पीढ़ी के बच्चो को सनातन धर्म से जोड़ने की जरूरत भी है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण को माखन मिश्री का भोग लगाकर आरती से की गई। बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लियाअंत में सभी ने महारास लीला का आनंद लिया इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन नेहा बहन सुमन बहन पलक मुस्कान सानू लक्ष्मी जयसवाल सिद्धि सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।





# सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार

## झंडा ऊंचा रहे हमारा नारे के साथ निकाली रैली

**कटनी, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत राजीव गांधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय रीठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 13 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में रासेयो के स्वयंसेवकों व समस्त छात्र छात्राओं व स्टॉफके साथ सभी को झंडा वितरित कर तिरंगा झंडा फहराकर वन्दन किया। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा के नारे लगाकर जागरूकता रैली निकाली गई। अभियान के अंतिम दिवस सूखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रंगार नारे के साथ अंकुर अभियान हरियाली महोत्सव कार्यक्रम रीठी मुक्तिधाम में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया, जिसमे एक स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में रीठी वन परिक्षेत्र अधिकारी बहादुर सिंह, डिप्टी रेंजर हर प्रसाद बर्मन, वनकर्मी सनोद कोल, गोरेलाल पटेल, कम्प्यूटर आपरेटर कमल अहिरवार व रीठी मुक्तिधाम के संचालक राजाबाबू व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत के संरक्षण व उपप्राचार्य डॉ मनोज कुमार खरे के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार तिवारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय स्टॉफ से कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति राजपूत, सहायक प्राध्यापकगणों में डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, संतोष कुमार केवट, भानूप्रताप मिश्रा, भोलाराम पटेल, ग्रन्थपाल अरविंद मेहरा, राजकुमार निगम, सुरेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास, जूनी राजपूत व कर्मचारीगणों में भरत पटेल, विनयशंकर दुबे, आशीष तिवारी, राजकिरण सिंह, आनंद पटेल, बराती लाल, रघुराज सिंह, दीपक कुशवाहा, रोहित पटेल, संजय गौतम व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

**राजीव गांधी कॉलेज एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण**

## आंगनबाड़ी में भर रहा पानी, परेशान हो रहे बच्चे



श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड के अंतर्गत रोशननगर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बरसाती पानी भरने से बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। नर्सरी के रूप में संचालित इस आंगनबाड़ी केंद्र में पक्का निर्माण या पेवर ब्लॉक नहीं होने की वजह से छोटे बच्चों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। पार्षद रागिनी गुप्ता ने आयुक्त से पेवर ब्लाक लगवाने की मांग की है।

# तीजड़ी महोत्सव पर महिलाओं ने किया रैम्प वॉक

## अनमोल सचदेवा बनीं तीजडी क्वीन, सिंधी समाज ने उत्साह से मनाया पर्व

**कटनी, यशभारत।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया महिला शाखा द्वारा होटल अरिंदम में तीज महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही तिजडी क्वीन प्रतियोगिता रखी गई। सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल जी की आरती एवं गुरु वंदना के पश्चात महिलाओं ने सिंधी गीत एवं रैंप वॉक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती माया मनोहर बजाज एवं हेमू कालानी वार्ड की पार्षद श्रीमती सुमन माखीजा रही। प्रतियोगता प्रथम वर्ग में तीजडी क्वीन अनमोल सचदेवा, मनीषा हासवानी एवं विनीत तनवानी, फर्स्ट व सेकंड रनर अप रहे। द्वितीय वर्ग में तिजड़ी क्वीन कविता पमनानी, निशा सचदेव, साक्षी सचदेवा प्रथम व द्वितीय रनर अप रहे। बेस्ट मेहंदी रचना रिझवानी, बेस्ट स्माइल संगीता तनवानी, संगीता मेघानी बेस्ट हेयर स्टाइल विनी तनवानी, बेस्ट स्वैग सपना रामानी, बेस्ट ड्रेस अप गरिमा सचदेव सहित अन्य पुरस्कार व 1 मिनट गेम हाउजी लकी ड्रॉ एके साथ ही सांत्वना पुरस्कार संस्था द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में मौलश्री गेई, रिचा गेई, कीर्ति खरे व रीना डोडानी रहीं। कार्यक्रम संयोजक में लक्ष्मी खूबचंदानी, आशा जोधवानी, सुमन छत्तानी, कुसुम गिडवानी, सिमरन सहजवानी, पूजा मंगलानी का सहयोग रहा। अंत में आभार संस्था अध्यक्ष नीलम जगवानी, कोषाध्यक्ष नीतू लालवानी, सचिव सोनिया बत्रा द्वारा किया गया। संस्था के अन्य सदस्यों में कविता सचदेवा, मोना पुरस्वानी, एकता बत्रा, कशिश रोहरा, अनीता जोधवानी, पलक आहूजा, सोनम रूपचंदानी, रेशमा पंजवानी, दीपा मोहनानी, कला रिझवानी, इंदु खूबचंदानी, मधु खूबचंदानी, जया भटीजा, पूनम आहूजा, सपना पोटवानी, गीता, वर्षा, कविता तनवानी, पूजा पलक पुरस्वानी, लता पृथ्यानी, राखी तीर्थानी उपस्थित रहे।




**कार्यालय- प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी**

. 26.09.18 को नैक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त , अग्रणी महाविद्यालय, जिला- कटनी .

क्रं./353/शातिम/पुस्त./2022-23 कटनी, दिनांक 16/08/2022

**पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण 2022-23**

महाविद्यालय पुस्तकालय में वर्ष 2021-22 के लिए विभिन्न मदों से पुस्तकें (**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नवीन पाठ्यक्रमानुसार पुस्तकें भी शामिल है।**) क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा निम्नलिखित विवरण एवं शर्तो के अनुसार सील बंद लिफाफे में निविदा प्रकाशन तिथि से 21 दिवस के भीतर रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट/स्वयं के माध्यम से कार्यालीन समय में जमा करना है। लिफाफे के ऊपर "**पुस्तकें क्रय निविदा 2022-23**" लिखना अनिवार्य है।

| क्रं. | पुस्तकों का प्रकार | छूट की दर प्रतिशत में |
|---|---|---|
| 1 | समस्त पाठ्य पुस्तकें (हिन्दी/अंग्रेजी) नवीन पाठ्यक्रमानुसार | |
| 2 | साहित्यिक पुस्तकें (हिन्दी/अंग्रेजी) कहानी उपन्यास, नाटक, कविता निबंध, प्रेरणादायक आदि। | |
| 3 | संदर्भ ग्रंथ (हिन्दी/अंग्रेजी) | |
| 4 | शासकीय/अकादमी के प्रकाशन | |
| 5 | विदेशी प्रकाशन (भारतीय मुद्रा में परिवर्तन) | |
| 6 | अन्य समस्त प्रकार की पुस्तकें (हिन्दी/अंग्रेजी) | |

**निविदा की शर्तें:-**

1. निविदा के साथ अमानत राशि रूपये 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) बैंक ड्राफ्ट/Multicity Cheque जो कि प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निविदा पर फोन नं./मोबाइल नं., बैंक खाता, IFSC कोड सहित, पत्र व्यवहार का पूर्ण पता होना चाहिए।
3. सभी पुस्तकों की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर क्रय आदेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।
4. एफ. ओ. आर. शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी परिसर होगा।
5. पुस्तकें नवीन संस्करण एवं पाठ्यक्रमानुसार होनी चाहिए अन्यथा आपके स्वयं के व्यय पर पुस्तकें आपको वापिस भेज दी जायेगी।
6. पुस्तकों पर मुद्रित मूल्य ही मान्य होगा स्लिप चिपका कर या काटकर किया गया संसोधन मान्य नहीं होगा। मुद्रित मूल्य न होने पर प्राइज प्रूफ संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदा के साथ आयकर विभाग के PAN No. एवं GST Registration No. की प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
8. निविदायें, सत्र समाप्ति 30.06.2023 तक ही वैध रहेगी।
9. पुस्तकों के क्रय/निविदा सम्बंधी समस्त कानूनी अधिकार प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी (म.प्र.) के पास सुरक्षित होंगें।
10. यह निविदा जिला कटनी के बड़वारा, बहोरीबंद, ढ़ीमरखेड़ा, उमरियापान एवं सिलौड़ी में स्थित शासकीय महाविद्यालय के लिये भी मान्य होगी एवं उनके लिए एफ. ओ. आर. संबंधित महाविद्यालय होगा।

G-15671/22

( डॉ.एस.के.खरे )
प्राचार्य



**आम सूचना**

एतद द्वारा आम जनता/उक्त भवन में अनाधिकृत रूप से निवासरत व अपना ताला लगाकर अन्यत्र व्यवसायरत व्यक्तियों को सूचित किया जा रहा है कि स्थानीय तिलक राष्ट्रीय स्कूल के आगे, कनकने स्कूल के पास स्थित चौराहे में निर्मित भवन जो आम रोड के बगल से स्थित है, जिसका स्वामित्व व कब्जेदार धन्य कुमार जैन पिता श्री टेकचंद जैन व वर्तमान में उनके एकलौते पुत्र शैलेश जैन पिता स्व. श्री धन्य कुमार जैन निवासी-कनकने स्कूल चौराहा जालपा देवी वार्ड क्रं. 8 घण्टाघर रोड कटनी वर्तमान पता- स्टेशन रोड, रघुनाथगंज वार्ड कटनी म.प्र. है । उक्त भवन को नगर पालिक निगम कटनी द्वारा अति जीर्ण-शीर्ण चिन्हित किया गया है, तथा वर्तमान में उक्त भवन का कुछ भाग क्षतिग्रस्त भी हो गया है। उक्त भवन को आम जनमानस के जान-माल के रक्षार्थ गिराये जाने हेतु नगर पालिक निगम कटनी द्वारा भवन स्वामी को निर्देशित किया गया था। किन्तु किन्ही कारणोंवश भवन स्वामी द्वारा उक्त भवन को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गिराया नही जा सका था। इसी परिप्रेक्ष्य में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा भवन स्वामी को दिनांक 18.8.2022 को सूचना पत्र प्रेषित कर आगाह किया गया है कि उक्त भवन को गिराये जाने की कार्यवाही नगर निगम अमले द्वारा दिनांक 22.08.2022 को निर्धारित की गई है। इस संबंध में भवन में अनाधिकृत रूप से ताला लगाकर/ निवासरत व्यक्तियों को व्यक्तिशः सूचना पत्र पृथक से प्रेषित किये गये हैं, अगर समयावधि के भीतर उक्त सूचना पत्र उन्हें प्राप्त नही होते हैं तो इस आम सूचना को सूचना पत्र समझा जाये। अतः इस आम सूचना के माध्यम से उक्त भवन में अनाधिकृत रूप से निवासरत् व ताला डालकर अन्यत्र व्यवसायरत् व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.8.2022 के पूर्व उक्त भवन को कब्जा सामान बाहर निकाल लेवें। अन्यथा नगर निगम अमले द्वारा क्षतिग्रस्त भवन को तोड़े जाने पर होने वाली हानियों के वे स्वयं जिम्मेदार होगें।

**कटनी दिनांक - 18.08.2022**

**भवन स्वामी**
**शैलेश जैन पिता स्व. श्री धन्य कुमार जैन निवासी कनकने स्कूल चौराहा जालपा देवी वार्ड क्रं. 8 घण्टाघर रोड कटनी वर्तमान पता- स्टेशन रोड, रघुनाथगंज वार्ड कटनी म.प्र. मो.नं. 9425153529**












# आज धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी

## मंदिरों में सजी नंदलाला की आकर्षक झांकी

**भोपाल, यशभारत।** वृद्धि व ध्रुव योग के शुभ संयोग में आज धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। राजधानी के मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से ही विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ शुरू होंगे। रात्रि 12 बजे घड़ी की सुईयों के मिलन के साथ ही नंदलाला का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर गुरुवार को मंदिरों में भव्य तैयारियां की गई हैं। कई मंदिरों में दूधिया बल्बों की रोशनी में नहाई जगमगाहट दूर से ही देखते बन रही है। मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर झांकियां सजाने का कार्य भी पूर्ण हुआ। तो वहीं स्कूल-कालेज सहित अन्य संस्थाओं में गुरुवार को जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। अधिकांश स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चें भगवान श्रीकृष्ण की पोशक में स्कूल पहुंचे। जहां पर नृत्य आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### शुभ मुहूर्त

पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। उस समय रोहिणी नक्षत्र था। चंद्र उदय भी देर रात्रि में हुआ था। ऐसा ही संयोग इस बार जन्माष्टमी पर पड़ रहा है। 19 अगस्त (शुक्रवार) को अष्टमी तिथि पर रोहिणी नक्षत्र का संयोग है। साथ ही देर रात 11:24 बजे चंद्र उदय का समय है। इसी संयोग में जन्माष्टमी मनाना श्रेष्ठ है। हालाकि अष्टमी तिथि 18 अगस्त गुरुवार रात 12.14 बजे से आरंभ हो चुकी है जो शुक्रवार रात एक 1.06 तक रहेगी।

### मंदिरों में की गई विशेष सजावट

लक्ष्मीनारायण मंदिर बिड़ला में सजावट की सभी तैयारियां हो गई है। मंदिर में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। रात्रि एक बजे तक मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा। भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं। कृष्ण जन्मोत्सव के लिए प्राचीन श्रीजी और बांके बिहारी मंदिर को लाल गुलाब और सफेद फूलों से सजाया जा रहा है। इसके लिए वृंदावन से फूल मंगाए गए हैं। लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में फूलों से मंदिर को सजाया जाएगा।

### हिन्दू उत्सव समिति निकालेगी पालकी यात्रा

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीराधा कृष्ण हिन्दू उत्सव समिति की ओर से राधा कृष्ण मंदिर नर्मदापुरम रोड दानिश नगर से धूमधाम से पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

### श्रीजी मंदिर में दूसरे दिन मनाया जाएगा नंद महोत्सव

लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में भी जन्माष्टमी के दूसरे दिन यानी 20 अगस्त को नंद महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत मटकी फोड़ का आयोजन किया जाएगा।

---

## प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला के समापन-सत्र को किया संबोधित

# सीएम शिवराज बोले तथ्यात्मक-सटीक आंकड़े से योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव

**भोपाल यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मध्यप्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार करने की कार्य पद्धति एवं गणना पर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला के समापन-सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा आर्थिक गतिविधियों के तथ्यात्मक और सटीक आंकड़े उपलब्ध हों तो योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे ढंग से संभव होता है।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि टास्क फोर्स कमेटी की अनुशंसा के आधार पर मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां राज्य सांख्यिकी आयोग का गठन हो रहा है। राज्य और जिला स्तर पर पूर्ण कम्प्यूटराइजेशन का निर्णय लिया गया है। इससे काम करना आसान हो जाएगा। डेटा के मानकीकरण के लिए सांख्यिकी प्रकोष्ठ का निर्माण किया गया है। देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए लक्ष्य तय करना पड़ेंगे। बिना बड़ा लक्ष्य निर्धारित किए हम बहुत आगे नहीं बढ़ सकते हैं। चौहान ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन की गतिविधियों का आधार भी डेटा होता है। किसी भी क्षेत्र में बिना डेटा के कार्य नहीं चल सकता। वर्तमान सदी डेटा पर निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्म-निर्भर भारत की परिकल्पना के लिए डेटा पर बल दिया है। डेटा शुद्ध विश्वसनीय हो, जिससे योजनाएं अच्छी बनें और उनका नीचे तक लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि डेटा कलेक्शन के लिए ट्रेनिंग और आवश्यक व्यवस्थाएं करेंगे। डेटा की विश्वसनीयता के लिए दूसरी एजेंसियों का दखल नहीं होना चाहिए। डेटा जनोपयोगी और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। डेटा खराब होगा तो निष्कर्ष भी खराब निकलेंगे। हमें अच्छे डेटा की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 550 अरब डॉलर का योगदान प्रदेश की ओर से भारत की 5 ट्रिलियन की अर्थ-व्यवस्था बनाने में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य जैसा सोचता और करता है, वैसा हो जाता है। इसलिए यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण निरंतर होते रहेंगे। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि सांख्यिकी का हर विभाग में महत्व है। राज्यों के विकास के लिए सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है भारत का लक्ष्य 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थ-व्यवस्था का है। इसी गति से अर्थ-व्यवस्था में ब?ोत्तरी होगी तो वर्ष 2025-26 में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थ-व्यवस्था का लक्ष्य हासिल हो जाएगा। मध्यप्रदेश सबसे तेज गति से आगे बढ़ता प्रदेश है। प्रदेश स्तर पर जो कार्य हो रहा है उसे जिला स्तर पर भी करना होगा। हम 550 बिलियन डॉलर का योगदान देंगे। आज मध्यप्रदेश की कृषि का 170 हजार करोड़ का योगदान है।

---



# एम्स में दो दिन के बच्चे की आहार नली बनाई


**दूरबीन से एमपी में पहली बार हुई ऐसी सर्जरी**

**भोपाल यशभारत।** एम्स के शिशु सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने एक जटिल सर्जरी कर दो दिन के बच्चे की जिंदगी बचाई है। जन्म के साथ ही उसकी आहार नली श्वास नली से जुड़ी हुई थी। इसे ट्रेकियो एसोफेजियल फिस्टुला के साथ एसोफेजियल एट्रेसिया कहा जाता है। इस विकृति के कारण दूध आहार नली से श्वास नली में पहुंच रहा था। ऐसे में उसके फेफ? खराब होने का डर था। चिकित्सकों ने पहले तो लेजर गन से उसकी आहार नली को अलग किया। इसके बाद नई आहार नली बनाई। बच्चे की सर्जरी के तीन सप्ताह हो चुके हैं। बच्चा अब पूरी तरह से स्वस्थ है। एम्स के डाक्टरों का दावा है कि यह मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की पहली सर्जरी है, जिसमें दूरबीन के जरिए दो दिन के बच्चे की सर्जरी की गई है। सर्जरी करने वाले डाक्टरों ने बताया यह बच्चा विदिशा जिला अस्पताल से रेफर होकर आया था। थौरैकोस्कोपी से उसकी सर्जरी की गई। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे को दूध पिलाने पर वह तुरंत उल्टी कर देता था। इस दिक्कत के चलते स्वजन उसे लेकर विदिशा जिला अस्पताल पहुंचे थे।जहां से उसे एम्स भेजा गया। छह डाक्टरों की टीम ने करीब पांच घटे की सर्जरी में पहले तो आहार नली को अलग किया ।इसके बाद नई आहार नली बनाई। चिकित्सकों के मुताबिक यह जन्मजात विकृति है जिसमें आहार नली और श्वास नली जु? जाती हैं। करीब तीन हजार जन्म पर एक बच्चा इस समस्या से पी?त मिलता है। समय पर इलाज नहीं कराने पर खाना आहार नली से श्वास नली में पहुंचकर फेफड़े में संक्रमण पैदा करता है जो जानलेवा हो सकता है। सर्जरी करने वाली टीम में डा.प्रमोद शर्मा, डा. रोशन चंचलानी,

---

# 22 अगस्त को भोपाल आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

## तैयारियों को लेकर सीएम शिवराज ने पार्टी पदाधिकारियों संग की बैठक



भोपाल यशभारत। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अगस्त को भोपाल आ रहे हैं। उनके इस दौरे और संगठन की गतिविधियों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। लगभग एक घंटे चली बैठक में उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद के साथ चर्चा की। इस दौरान पचमढ़ी में प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रदेश कार्यसमिति के विषय पर विचार किया गया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 22 अगस्त को भोपाल में पांच कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसमें मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा वे भौंरी में नेशनल फारेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी गांधीनगर के आफ कंपस के भूमिपूजन, सहकारिता, पुलिस आवासों के लोकार्पण और नई शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। सूत्रों के मुताबिक बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे, पचमढ़ी में 24 और 25 अगस्त को होने वाले प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण, 26 अगस्त को प्रदेश कार्यसमिति के विषय, बूथ सशक्तीकरण अभियान सहित अन्य संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कुछ देर राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश के साथ अलग से बात भी की।

---

### चिकित्सा और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में होने से गांव के विद्यार्थियों को मिलेगा अवसर - मंत्री उषा ठाकुर

**भोपाल, यशभारत।** यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिंदी को जन-जन की भाषा और राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश शासन ने भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चिकित्सा शिक्षा और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में कराए जाने की शुरुआत की है। इससे गांव और सुदूर क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवसर मिलेगा।' यह कहना था संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर का। गुरुवार को यह बातें उन्होंने हिंदी भवन में 'साहित्य संगम एवं 27वीं पावस व्याख्यानमाला' का शुभारंभ करते हुए कहीं।

---

# सांची दुग्ध संघ ने फिर बढ़ाए दूध के दाम

**भोपाल, यशभारत।** लगातार बढ़ती मंहगाई के बाद दुबारा एक बार फिर पैक दूध के दामों में फिर से उबाल आया हैं। अमूल दूध की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर का इजाफा आने के बाद अब सांची ने भी अपना दाम बढ़ा दिया है। अमूल दूध की नई दरें बुधवार से प्रभावी कर दी गई हैं। बता दें कि अमूल ने इससे पूर्व भी फरवरी-मार्च में दामों में बढ़ौतरी की थी। दरअसल ग्वालियर दुग्ध संघ सांची के सीइओ अनुराग सिंह सेंगर ने बताया कि दूध के दामों में बढ़ोतरी के लिए भोपाल प्रस्ताव भेज दिया था। जिसे आज मंजूरी मिल गई है। हर एक लीटर पर 2 रुपए दूध की कीमत बढ़ाई गई हैं। 1 लीटर दूध का पैकेट




57 की जगह 59 रुपए का मिलेगा। यह दाम कल से लागू हो जाएंगे। इससे पहले सांची ने अप्रैल में अपने दाम बढ़ाए थे। उस दौरान 4 रुपय प्रति लीटर दाम बढ़ाया गया था। और कारण ये बताया गया था कि कई अन्य कंपनियों ने दामों में बढ़ोतरी की थी। वहीं सांची की सबसे ज्यादा खपत । भोपाल में भी सबसे ज्यादा सांची की ही होती है। यहां रोजाना लगभग 3 से 4 लाख लीटर दूध बिकता है। उधर, अमूल की खपत 65 हजार लीटर है।

फुल क्रीम दूध (गोल्ड) का आधा लीटर के दूध के रेट 29 रुपए थे, जो अब 30 रुपए हो गए हैं। एक लीटर पैकेट के रेट 57 से बढ़कर 59 रुपए हो गए हैं।आधा लीटर स्टेंटर्ड दूध (शक्ति) के रेट 27 से बढ़कर 28 रुपए हो गए।

टोंड दूध (ताजा) 24 से बढ़कर 25 रुपए हो गए। डबल टोंड दूध (स्मार्ट) की कीमत 22 से बढ़कर 23 रुपए हो गई है।

चाय स्पेशल दूध के एक लीटर दूध के पैकेट के रेट 47 से बढ़कर 49 रुपए चाह दूध के रेट 52 रुपए से बढ़कर 54 रुपए हो गए हैं।

डबल टोंड दूध (स्मार्ट) का 200 एमएल का पैकेट की कीमतें नहीं बढ़ाई गई है। वह 10 रुपए में ही मिलेगा।

---

# मर्डर केस सुलझाने के लिए बाबा के शरण में पुलिस

**वायरल हुआ M P का गजब वीडियो**

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में पुलिस का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां छतरपुर पुलिस एक हत्या के आरोपी पता लगाने के लिए कथित बाबा पण्डोखर सरकार की शरण में पहुंच गई और बाबा के द्वारा बताई गई। शिनाख्त के अनुसार मृतिका के चाचा को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन तभी छतरपुर पुलिस के एएसआई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमे वह पण्डोखर सरकार नाम के बाबा के दरबार में बैठ कर हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए मदद मांग रहा था। मामला सामने आने के बाद छतरपुर एसपी सचिन शर्मा ने तत्काल प्रभाव से एएसआई को सस्पेंड कर दिया एवं संबंधित थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया है। पूरा मामला छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र का है जहां 28 जुलाई को थाना क्षेत्र के गांव ओंटा पुरवा में एक नाबालिक युवती की लाश कुएं में मिली थी, लाश संदिग्ध अवस्था में थी इसलिए पुलिस ने मामले में धारा 302 दर्ज करते हुए आरोप की तलाश शुरू कर दी। मामले में बमीठा पुलिस ने गांव में ही रहने वाले तीन युवकों को हिरासत में लिया था उनसे पूछताछ भी की थी लेकिन तीनों युवकों की मोबाइल की लोकेशन घटना वाले दिन घटनास्थल पर नहीं मिली। इसलिए पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया उसके कुछ दिनों बाद पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए मृतका के चाचा तीरथ अहिरवार को यह कहते हुए गिरफ्तार कर लिया की उसे इस बात का शक था कि उसकी भतीजी के किसी से नाजायज संबंध है। उसे चरित्र पर शक था जिसको लेकर उसने अपनी भतीजी का गला घोट कर हत्या की और बाद में उसे कुएं में फेंक दिया। बबीता पुलिस ने जिस तरह से इस पूरे मामले का खुलासा किया परिवार के लोगों को बेहद हैरानी थी लेकिन तभी सोशल मीडिया पर पंडोखर सरकार एवं थाना बमीठा में पदस्थ एएसआई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति पंडोखर सरकार से हत्या की गुत्थी सुलझाने में मदद मांगता हुआ।

---

# भाजपा की राजनीति का नया सिलेबस

## भाजपाइयों के लिए दूसरा पाठ, बागियों और निर्दलियों की अलग होगी ट्रेनिंग

**भोपाल,यशभारत।** भाजपा मिशन 2023 के पहले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीतकर आने वाले नेताओं को प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक ट्रेनिंग देगी। ये ट्रेनिंग पचमढ़ी से शुरू होकर शहर और गांवों तक जमीनी स्तर पर होगी। पहली बार ट्रेनिंग का नया पैटर्न लाया जाएगा। इसमें महापौर, पार्षद, सरपंच और पंचों को मैदानी काम करने और बूथ स्तर तक नए वोटर्स को जोड़ना सिखाया जाएगा। इसे तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहले वे हैं, जो पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते। दूसरे विचार-परिवार वाले यानी संघ पृष्ठभूमि या संगठन से जुड़े नेता हैं। तीसरे पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर लड़कर जीतने वाले हैं जो बाद में समर्थन में आ गए।




इन सबकी अलग-अलग ट्रेनिंग होगी। भाजपा पचमढ़ी में 24 और 25 अगस्त को दो दिन प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी को ट्रेनिंग देगी। बाद में निकाय और पंचायत स्तर पर ट्रेनिंग होगी। विधायक-अध्यक्ष से जवाब-तलब भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। कटनी महापौर का चुनाव हारने पर विधायक संदीप जायसवाल व जिला अध्यक्ष रामरतन पायल को तलब किया गया था। मुरैना निगम हारने पर जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता से कारण पूछा गया। इन्हें संगठन ने फटकार लगाई।पार्टी के अधिकृत विजयी प्रत्याशियों को बूथ स्तर पर मतदाताओं को जो ?ना सिखाया जाएगा।विचार-परिवार वालों को भाजपा के काम करने का तरीका सिखाया जाएगा।बागी होकर जीतने वालों को पार्टी हिदायत देगी। भाजपा में 22 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे की तैयारी चल रही है।

---

# पहले पत्नी के हाथ ही रोटी खाया अब उसी का हत्यारा पूरे जीवन जेल की रोटी तोड़ेगा

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा जिले की परासिया तहसील के तहत आने वाले दीघाबानी में चरित्र संदेह के चलते अपनी पत्नी को पेट्रोल डालकर आग के हवाले करने वाले कथित आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल, घटना 12 जुलाई 2021 की रात करीब 9-30 बजे की है। पीड़िता जानकी बाई पति चिंतामन यदुवंशी (40) निवासी दीघाबानी आग से झुलसने के बाद जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहां से उसे शासकीय मेडिकल कॉलेज नागपुर इलाज के लिए भेजा गया था। 14 जुलाई 2021 को उपनिरीक्षक अंजना मरावी थाना रावणवाड़ा ने नागपुर मेडिकल कॉलेज के बर्न वार्ड में जाकर पीड़िता जानकी बाई से तबियत के बारे में पूछा, तब उसने बताया था कि उसका पति उस पर शक करता था। 12 जुलाई की रात जब वह घर में चूल्हे पर रोटी बना रही थी। तभी पति ने जान से मारने की नियत से पीछे से उस पर पेट्रोल फेंक दिया। जिससे वह झुलस गई थी। बाद में उपचार के दौरान जानकी की मौत हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी पति चिंतामन यदुवंशी के खिलाफ थाना रावनवाड़ा में अपराध क्रमांक 95/2021 पंजीबद्ध किया गया था।

---

## मप्र में मानसून का तीसरा ब्रेक कल होगा खत्म

# भोपाल समेत प्रदेश के 32 जिलों में होगी भारी बारिश, इंदौर दो दिन जमकर भीगेगा

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में बारिश का ब्रेक एक बार फिर खत्म होने को है। तीन दिनों की राहत के बाद शनिवार शाम से बादल प्रदेश पर मेहरबान होने वाले हैं। अभी जबलपुर और उसके आसपास के जिलों में हल्की बारिश हो रही है। इसके अलावा अन्य इलाकों में आसमान साफ है। मौसम विभाग की मानें तो रविवार को भोपाल समेत 32 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मध्यप्रदेश में अब तक 31 इंच बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 5 इंच यानी 19प्रश ज्यादा है।

### नदियों में क्षमता से ज्यादा पानी

मध्यप्रदेश में छोटी-बड़ी सभी नदियों में क्षमता से ज्यादा



पानी आ चुका है। डैम ओवरफ्लो होने लगे हैं। नर्मदा से लेकर चंबल, बेतवा, ताप्ती, शिप्रा, कालीसिंध, शिवना नदी तक उफान पर हैं। भोपाल से गुजरी कलियासोत नदी के उफान पर आने के बाद दामखे?ा और मर्दाना टोला में 70 परिवारों को शिफ्ट करने की नौबत आ गई थी। यहां के कलियासोत, केरवा और भदभदा ओवरफ्लो हो गए।

### लगातार बारिश के बाद कोलार डैम के सभी 8 गेट खोलने पड़े

सीहोर जिले के कोलार डैम के सभी 8 गेट खोले गए। कैचमेंट एरिया में बारिश होने के बाद स्थिति गंभीर हो गई थी। हालांकि, बुधवार को थोड़ी राहत मिली। बारिश नहीं होने के बाद डैमों के गेट बंद कर दिए गए तो नदियों का उफान भी कम हुआ है। इससे पहले रायसेन और धार समेत प्रदेश के कई इलाकों में लोगों को सुरक्षित इलाकों में तक पहुंचाया गया।

### यह बन रहा नया सिस्टम

लो प्रेशर एरिया आज रात से बंगाल की खाड़ी से बनेगा। इससे रात से कुछ इलाकों में रिमझिम शुरू होगी। यह मुख्य रूप से धार, इंदौर, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, कटनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, सागर, छतरपुर, पन्ना, बैतूल और हरदा में शनिवार को जमकर बारिश होगी।








# रेल ट्रैक में भरा पानी तब जागा एसीसी प्रबंधन

## गड्ढे भरने का काम शुरू, सड़क निर्माण को भी मिली स्वीकृति

**कैमोर,यशभारत।** पिछले तीन-चार दिनों से कैमोर क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण कैमोर की मुख्य सड़क पर स्थित एसीसी रेल फाटक के बीच रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। दोनों तरफका रेल ट्रैक पानी में डूब गया। सड़क के बड़े-बड़े गड्ढे पानी से लबालब हो गए। सड़क पर दुपहिया और चार पहिया वाहनों को तो परेशानी हुई ही मालगाड़ियों के आवागमन में भी अवरोध होने लगा तब कहीं जाकर एसीसी प्रबंधन नींद से जागा है। प्रबंधन द्वारा आनन फानन रेल फाटक के भीतर सड़क के गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया गया है बल्कि एसीसी हॉस्पिटल से लेकर पेट्रोल पंप तक सड़क निर्माण को भी मंजूरी प्रदान कर दी गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश के तुरंत बाद सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। उधर दूसरी ओर पेट्रोल पंप से आगे एवरेस्ट स्कूल से लेकर लालनगर तक की खस्ताहाल सड़क का पुनर्निर्माण भी नगर परिषद की ओर से शुरू कर दिया गया है। सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण शुरू हो जाने से नागरिक राहत महसूस कर रहे। गौरतलब है कि कैमोर में पेट्रोलपंप के समीप स्थित जी एम बंगले से लेकर अमरईयापार बस स्टैंड तक का मुख्य सड़क का हिस्सा एसीसी ऑफिस और कॉलोनी के बीच से होकर गुजरता है। सड़क के इस हिस्से का स्वामित्व एसीसी के पास है। सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य भी एसीसी द्वारा ही कराया जाता है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय तक सडक का यह हिस्सा बेहद खस्ताहाल रहा। राहगीर और वाहन चालक परेशान होते रहे। बाद में क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के लगातार प्रयासों के बाद एसीसी ने इस सड़क का नव निर्माण कराया। आधी सड़क बनाकर आधी सड़क छोड़ दी गई। एसीसी हॉस्पिटल से लेकर जी एम बंगले तक लगभग 500 मीटर सड़क अभी भी खस्ताहाल ही है बल्कि अब तो सड़क के हाल बद से बदतर हो गए हैं। सड़क के इस हिस्से में एसीसी का रेलवे फाटक भी आता है। फाटक के बीच के इस हिस्से में सड़क कहीं है ही नहीं बस गड्ढे ही गड्ढे हैं। पिछले तीन चार दिनों की बारिश से न केवल ये गड्ढे लबालब हो गए बल्कि रेल ट्रैक पर भी पानी भर गया। लोंगो को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेल ट्रैक में पानी भरा होने के कारण मालगाड़ियों का आवागमन भी प्रभावित हुआ जिसके चलते एसीसी को रेल फाटक के बीच की सड़क के गड्ढे भरने मज़बूर होना पड़ा। वैसे बताया गया कि एसीसी प्रबंधन ने हॉस्पिटल से लेकर जी एम बंगले तक सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मानसून सीजन खत्म होते ही सड़क के इस हिस्से का काम भी शुरू हो जाएगा।

### अध्यक्ष ने प्राथमिकता से शुरू कराया सड़क निर्माण

कैमोर नगर परिषद की नव निर्वाचित अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही सड़कों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद उन्होंने सीएमओ को तीन दिन के भीतर जर्जर सड़क का सुधार कराने के निर्देश दिए थे। अध्यक्ष के निर्देश के बाद कल 17 अगस्त से मुख्य सड़क का निर्माण शुरू कर दिया गया है। लालनगर से लेकर पेट्रोल पंप के आगे जी एम बंगले तक कांक्रीट सड़क बनाने की योजना है। निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने पर नागरिकों में प्रसन्नता देखी जा रही। नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा ने सड़क निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ कराने की बात कही है। साथ ही उन्होंने प्रस्तावित बस स्टैण्ड का निर्माण एवं पनिहाई धाम के सौन्दर्यीकरण का रूका हुआ काम भी शीघ्र प्रारंभ कराए जाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त सभी विकास कार्य पूर्व में ही स्वीकृत थे। परिषद नहीं रहने के कारण इन कार्यो के क्रियान्वयन में विलंब हुआ है। नई परिषद के कार्यकाल में ये सभी कार्य पूर्ण कराए जाएंगे।

## बांधा के सुप्रसिद्ध राधा-कृष्ण में धूमधाम से मनाई जा रही जन्माष्टमी

**कटनी,यशभारत।** कल संपूर्ण विश्व के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर में भी भगवान श्री कृष्ण के जन्म अवसर पर जन्माष्टमी पूर्ण धार्मिक वैदिक परम्परा, प्रेम मय भजन तथा भक्ति भाव के साथ धूमधाम से आयोजित होगी। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज जन्माष्टमी पर प्रातः 7 बजे से भगवान का नित्य दैनिक पूजन तथा अभिषेक किया। प्रातः 9 बजे से स्थानीय श्रेष्ठ भजन गायक रिन्कू महाराज की संगत में गोविंद भजन मंडल बड़खेरा द्वारा रसमय भजन प्रारंभ हुआ। अपरान्ह 1 बजे से अनिल गौतम के सानिध्य में सद्भावना रामायण मंडल हरदुआ के द्वारा श्री राधा कृष्ण मय भजन वर्षा होगी। अपरान्ह 3 बजे विद्धान भागवताचार्य पं. रमाकांत पौराणिक जी के द्वारा सुंदर प्रवचन द्वारा प्रवाहित हो रही है। सायं 6 बजे से आचार्य ब्रम्हानंद दास जी महाराज के द्वारा संगीतमय भजन एवं प्रवचन होंगे। रात्रि 8 बजे से सचिन समदरिया के संचालन में जय मॉ आसमानी रामायण मंडल देवरी हटाई के द्वारा श्रेष्ठ पार्श्व गायक गायिकाओं के भजन रात्रि पर्यन्त जारी रहेंगे। इनके साथ ही पुरूस्कार प्राप्त बांसुरी वादक मयंक गांधी का बांसुरी वादन तथा निटर्रा ग्राम के भक्तों द्वारा आकर्षक गोप नृत्य भी होगा। रात्रि मध्य ठीक 12 बजे संपूर्ण वैदिक विधानों के तहत भगवान का जन्म होगा साथ ही दर्शन हेतु भगवान की जन्म झॉकी उपलब्ध होगी। समस्त श्रद्धालु जनों से समिति एवं मंदिर परिसर के द्वारा बांधा मंदिर पधारने की प्रार्थना की गई है।

## एक रात में टूटे 5 दुकानों के ताले

### एसीसी द्वारा बिजली काट दिए जाने से संडे मार्केट में छाया रहता है अंधेरा

**कैमोर,यशभारत।** कैमोर क्षेत्र के संडे मार्केट की पांच दुकानों को बीते मंगलवार की रात चोरों ने अपना निशाना बनाया। इन दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास किया गया पर अधिकांश दुकानों में सेंट्रल लॉक होने के कारण चोर अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए अलबत्ता आज़ाद चौक स्थित एक मोबाईल सेंटर का ताला तोड़कर चोर कुछ नगदी और समान चुरा ले गए। दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस संदिग्ध आरोपियों को थाने लाकर उनसे पूछताछ कर रही। संडे मार्केट की जिन दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास किया गया उनमें मनोहर बत्रा किराना स्टोर्स, सुंदर किराना स्टोर्स, मनोज घड़ी और असलम होटल शामिल है। इसके अलावा आज़ाद चौक में अवस्थी कम्प्यूटर सेंटर शामिल है। संडे मार्केट के व्यापारियों ने बताया कि पहले मार्केट की दुकानों के साथ ही मार्केट परिसर में



एसीसी का बिजली कनेक्शन उपलब्ध था। जिससे रात्रि में यहां पर्याप्त रोशनी रहती थी। लगभग 15 दिन पहले एसीसी द्वारा संडे मार्केट का विजली कनेक्शन काट दिया गया है जिससे मार्केट परिसर के भीतर अंधेरा छाया रहता है। एसीसी द्वारा बिजली काटे जाने पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए व्यापारियों ने बताया कि दुकानों में एमपीईबी का कनेक्शन है पर मार्केट परिसर में लगी स्ट्रीट लाइट एसीसी की बिजली से ही जलती थी। एमपीईबी की बिजली आपूर्ति अक्सर बाधित रहती है। पहले रात में एमपीईबी की बिजली नहीं रहने पर भी एसीसी की बिजली से रोशनी रहती थी पर अब एसीसी की बिजली नहीं रहने से रात में एमपीईबी की बिजली गुल होते ही अंधेरा छा जाता है जिसका फायदा चोर उच्चके उठा रहे। दुकानदारों का कहना है कि संडे मार्केट एसीसी द्वारा ही बसाया गया था। दुकानों का स्वामित्व भी एसीसी के पास है। सभी दुकानों का किराया एसीसी में जमा होता है। एसीसी के अधिकारीए कर्मचारी और उनके परिवार ही यहां खरीदी करने आते हैं। एसीसी द्वारा यहां बिजली आपूर्ति की सुविधा कई दशकों से की जा रही। दुकानदार बिजली का बिल भी एसीसी को अदा करते आ रहे हैं बावजूद इसके एसीसी द्वारा दुकानदारों को बिना सूचना के ही बिजली कनेक्शन काट दिया गया। सन्डे मार्केट के व्यापारियों ने डायरेक्टर प्लांट से मार्केट में बिजली आपूर्ति बहाल किये जाने का अनुरोध किया है।



## बजरंगियों ने की महाआरती

**कटनी,यशभारत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल माधव खंड कटनी द्वारा आज मंगल नगर स्थित रंगनाथ मंदिर मैं भव्य महाआरती का आयोजन किया गया । आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सह मंत्री मनीष दुबे, जिला सयोंजक राहुल दुबे, जिला सह संयोजक अनिकेत मौर्य, नगर अध्यक्ष अनंत चतुर्वेदी, माधव खण्ड के पालक प्रभारी एवं नगर सह संयोजक प्रखर सोनी, नगर सह संयोजक शुभम शुक्ला, नगर सत्संग प्रमुख राहुल तिवारी, खंड अध्यक्ष मंटू मिश्रा, सह सुरक्षा प्रमुख रोहित खटीक खंड संयोजक सत्यम वंशकार एवं जिले और नगर के पदाधिकारियों बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गर्मी उमस और रात में मौसम ठंडा होने से वायरल, सर्दी-जुकाम का जोर



**कटनी,यशभारत।** दिन में गर्मी उमस और रात में मौसम ठंडा होने से वायरल, सर्दी-जुकाम जोर पकड़ने लगा है। हालत यह है कि जिला अस्पताल सहित तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 600-700 आउटडोर पहुंच गया है। सूत्रों ने बताया कि बारिश थमने के बाद उमस गर्मी के कारण बीमारी बढ़ी है। इनकी रोकथाम के लिए इस समय बच्चों को तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। कूलरों में पानी भरकर नहीं चलाना चाहिए। मरीजों को दवाइयां अस्पताल से दी जा रही हैं। चिकित्सकों ने बताया कि मौसम में बदलाव से पहले की तुलना में रोगियों की संख्या बढ़ी है। राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं पर ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पताल को लेकिन यहां विशेषज्ञों के नहीं होने से बीमारियों का समुचित उपचार नहीं हो पाता। अक्सर मरीजों को निजी नर्सिंग होम ले जाना पड़ता है। आमलोगों की परेशानी से सरकार को कोई मतलब नहीं है।



## बरही बालक माध्यमिक शाला में सेवानिवृत्त शिक्षक ने फहराया तिरंगा

**बरही,यशभारत।** बरही के शासकीय बालक माध्यमिक शाला में सेवानिवृत्त शिक्षक शिवराम शर्मा ने तिरंगा फहराते हुए सलामी दी। इस अवसर पर स्कूल की हेडमास्टर राधा सोनी, शिक्षक राजकुमार तिवारी, स्कूल सहायक रावेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेशकर आजादी का अमृत महोत्सव सेलिब्रेट किया। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बरही में संकुल प्राचार्य विफना राम भगत ने ध्वजारोहण करते हुए तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकालकर मुख्य समारोह में शामिल हुए, इसके बाद स्कूल प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही।

## मुफ्त में यात्रा कर सकेंगे 5 साल से कम उम्र के बच्चे

### नियमों में बदलाव संबंधी खबरों को रेलवे ने बताया भ्रामक

**कटनी, यशभारत।** रेलवे के द्धारा ट्रेन में यात्रा करने वाले 5 साल से कम उम्र के बच्चों की टिकट बुकिंग संबंधी नियमों में कोई बदलाव नहीं किया है। पहले की ही तरह बच्चे ट्रेन में अपने परिजनों के साथ यात्रा कर सकेंगे। दरअसल रेलवे को यह सफाई इसलिए देनी पड़ रही है क्योंकि हाल ही में सोशल मीडिया और कुछ समाचार के माध्यम से ऐसी रिपोर्ट आ रही है। जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि भारतीय



रेलवे ने ट्रेन में यात्रा करने वाले बच्चों के लिए टिकट बुकिंग के संबंध में नियम बदल दिया है। इन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अब एक से चार साल की उम्र के बच्चों को ट्रेन में सफर करने के लिए टिकट लेना होगा। रेलवे का कहना है कि ऐसे समाचार और मीडिया रिपोर्ट भ्रामक हैं। भारतीय रेलवे ने ट्रेन में यात्रा करने वाले बच्चों के लिए टिकटों की बुकिंग के संबंध में कोई बदलाव नहीं किया है। यात्रियों की मांग पर उन्हें टिकट खरीदने और अपने 5 साल से कम उम्र के बच्चे के लिए बर्थ बुक करने का विकल्प दिया गया है। अगर वे अलग बर्थ नहीं चाहते हैं तो यह सुविधा निशुल्क है, जैसे पहले हुआ करती थी। रेल मंत्रालय के द्धारा 06 मार्च 2020 को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों को मुफ्त में ले जाया जाएगा। हालांकि अलग बर्थ या सीट (कुर्सी कार में) नहीं दी जाएगी। इसलिए किसी भी टिकट की खरीद की आवश्यकता नहीं है, बशर्ते अलग बर्थ की मांग नहीं की जाए। यदि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए स्वैच्छिक आधार पर बर्थ/सीट की मांग की जाती है तो पूर्ण वयस्क किराया वसूल किया जाएगा।

## ससुराल में खुद को आग लगाकर पत्नी से लिपटा पति

### पत्नी की मौत, गंभीर पति जबलपुर रिफर

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम धबैया में पत्नी के मायके जाने से नाराज युवक के द्धारा ससुराल पहुंचकर अग्निस्नान करने का मामला प्रकाश में आया है। अग्निस्नान करने के बाद युवक ने पत्नी को भी दबोच लिया था। जिसके कारण आग में पति-पत्नी दोनों बुरी तरह झुलस गए थे। दोनों को आग में शतप्रतिशत झुलस जाने के बाद जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उपचार दौरान पत्नी की मौत हो गई जबकि प्रारंभिक उपचार के बाद पति को गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम देवरीहटाई निवासी संतराम कुम्हार की शादी धबैया में लीलाबाई के साथ हुई थी। संतराम को पत्नी का मायके जाना पसंद नहीं था। दोनों के बीच अक्सर इसको लेकर विवाद होता था। रक्षाबंधन से पहले पत्नी लीलाबाई ने मायके जाने की जिद की तो संतराम विरोध करने लगा। लीलाबाई पति को अनसुना कर मायके चली गई तो कजलियां को संतराम भी ससुराल पहुंच गया। वहां उसने रिश्तेदारों के सामने हंगामा किया। आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। पत्नी समझाने आई तो साथ लाया पेट्रोल खुद पर डाला और आग लगा ली। इस दौरान पत्नी को भी दबोच लिया। दोनों को झुलसने के कारण गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान बुधवार को लीलाबाई की मौत हो गई जबकि संतराम को गंभीर हालत में गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर किया गया है।

### बेटों के सिर से उठा मां का साया

गृह क्लेश में दो बच्चों के सिर से मां का साया उठा लिया है। दोनों का भविष्य अनिश्चितता में घिर गया है। बताया गया है कि दंपती को दो बेटे हैं। इनमें सबसे बड़ा अंश तीन साल का है और देवा एक साल का। लीलाबाई के पिता की मौत पांच महीने पहले हो गई थी। उसकी मां गोरी बाई ने बताया कि त्योहार पर माहौल दुखी था इसलिए बेटी सहित अन्य रिश्तेदार आए थे। तभी दामाद ने वारदात को अंजाम दिया। वह बेटी लीलाबाई को मायके जाने से रोकता था। कई दिनों से प्रताड़ित कर रहा था। मायके से दहेज लाने के लिए भी दबाव बना रहा था। कजलियां के दिन अचानक घर पहुंचा और अपने ऊपर आग लगाकर बेटी से लिपट गया और बेटी को जिंदा जलाकर मार दिया।

## नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों कर्मचारियों ने ली सद्भावना की शपथ



**कटनी,यशभारत।** प्रतिवर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 19 एवं 20 अगस्त को अवकाश होने के कारण भारत सरकार द्वारा 18 अगस्त को सभी शासकीय कार्यालयों में सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलाने के निर्देश प्रदान किये गए है। निर्देशों के परिपालन में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम कार्यालय में प्रातः 11 बजे से उपायुक्त पी.के.अहिरवार की उपस्थिति में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म, अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिज्ञा ली गई।

### विभागीय पत्राचार हेतु विभाग प्रमुख तैयार करें अपनी जावक पंजी

नगर पालिक निगम कटनी की सभी शाखाओं के द्वारा विभागीय जावक पत्रों को सामान्य प्रशासन विभाग स्थित जावक शाखा में जावक एवं तामील हेतु प्रेषित करनें से पत्रों की अधिकता होने एवं उनकी तामील समय से नहीं होनें व महत्वपूर्ण समय सीमा एवं न्यायालयीन पत्र समय पर वितरण नही हो पाने के कारण निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने सुचारू कार्य व्यवस्था हेतु नवीन आदेश जारी किए है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने सुचारू कार्य सुविधा की दृष्टि से नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग स्थित जावक शाखा से केवल नगर निगम आयुक्त एवं उनकी ओर से प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा जारी किये जाने वाले पत्रों को ही जावक कर समय सीमा में पत्रों की तामीली करनें के निर्देश प्रदान किये गए है। इसके साथ ही विभाग प्रमुख द्वारा जारी किये जाने विभागीय पत्राचार हेतु संबंधित विभागों को अपनी जाक पंजी तैयार कर अपनें स्तर से पत्रों की तामील एवं वितरण करानें हेतु निर्देशित किया गया है।




# भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया

## धवन और गिल का दमदार प्रदर्शन

**हरारे, एजेंसी।** आज हुए पहले वनडे इंटरनेशनल में भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हरा दिया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर खेले गए तीन मैचों की सीरीज का यह पहला वनडे मैच था। भारत के सामने 190 रनों का लक्ष्य था जो कि भारत ने बिना किसी विकेट के 30.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। खेले गए इस मैच में भारत की तरफ से शिखर धवन और शुभमन गिल के शानदार प्रदर्शन ने इस जीत में बड़ा योगदान दिया है। इन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। शिखर धवन ने 81 रन और शुभमन गिल ने 82 रन बनाए हैं। वहीं शुरू में भारत के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इसके साथ ही पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे की टीम भारतीय टीम के सामने काफी बेबस नजर आ रही थी। वहीं 189 रन के स्कोर पर 40.3 ओवर में सिमट गई।भारत की तरफ से शुभमन गिल और शिखर धवन ने 190 रनों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पारी की शुरुआत की। शिखर धवन ने 76 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं शुभमन गिल ने 51 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। धवन और गिल ने 81 और 82 रनों की पारी खेली। वहीं पहली पारी में जिम्बाब्वे की ओर से तदिवानाशे मारुमनी और इनोसेंट काइसा ने बल्लेबाजी की। दीपक चाहर ने 4 रन निजी स्कोर पर काइया को सैमसन के हाथों कैच कराया। भारत की तरफ से विकेट में दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा और अक्षर पटेल ने तीन-तीन और मो. सिराज ने एक सफलता हासिल की।

### 2019 वर्ल्ड कप के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी

- 1094 - शिखर धवन (52.09 औसत)
- 1058 - विराट कोहली (44.08 औसत)
- 930 - केएल राहुल (54.70 औसत)
- 898 - श्रेयस अय्यर (42.76 औसत)
- 718 - रोहित शर्मा (44.87 औसत)

वहीं बात इस वर्ल्ड कप के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की करें तो, वेस्टइंडीज के शे होप 1720 रनों के साथ टॉप पर हैं, वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 1360 रनों के साथ दूसरे, तमीम इकबाल 1203 रनों के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

## शिखर धवन ने विराट कोहली को पछाड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी । टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को पहले वनडे मुकाबले में 10 विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। मेजबानों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने जीत के लिए महज 190 रनों का लक्ष्य रखा था। इस स्कोर को शिखर धवन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने बिना विकेट टखोए हासिल कर लिया। शुभमन गिल ने 72 गेंदों पर 10 चौकों और 1 छक्के की मदद से 82 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं धवन ने 113 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से 81 रन बनाए। धवन ने इस पारी के दम पर विराट कोहली के बड़े रिकॉर्ड को धवस्त कर दिया है। दरअसल, 2019 वर्ल्ड कप के बाद शिखर धवन वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। धवन ने इस दौरान 52.09 की शानदार औसत से 1094 रन बनाए हैं। वहीं विराट कोहली के बल्ले से वर्ल्ड कप 2019 के बाद 44.08 की औसत से 1058 रन निकले हैं। इस सूची में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा काफी पीछे हैं। 2019 वर्ल्ड कप में 5 शतक जड़ने वाले रोहित ने इस टूर्नामेंट के बाद 718 ही रन बनाए हैं।




## 2023 एशिया कप और 2025 आईसीसी चैंपियनशिप ट्रॉफी की मेजबानी करेगा पाकिस्तान

### क्या भारत करेगा इस टूर्नामेंट को बॉयकॉट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में 2023 से 2027 तक अपने फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम की घोषणा की है। एक बड़े फैसले के अनुसार पाकिस्तान एशिया कप 2023 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। साथ ही पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी भी कर सकता है। क्रिकेट बोर्ड का यह फैसला अब एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि क्या टीम इंडिया आखिरकार पाकिस्तान का दौरा करने के लिए मजबूर हो जाएगी। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को करीब एक दशक से भी ज्यादा हो चुका है। आखिरी बार पाकिस्तान ने भारत का दौरा साल 2012-13 में किया था। उस समय पाकिस्तान ने तीन वनडे और दो टी 20 मैच खेले थे। आखिरी बार भारत ने पाकिस्तान का दौरा 2008 में किया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब एक मुश्किल में होने वाला है क्योंकि पाकिस्तान एक नहीं बल्कि दो-दो बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए तैयार है। एशिया कप 2023, 50 ओवर के प्रारूप में होने वाला है क्योंकि यह वर्ल्ड कप के पहले होगा जिसकी मेजबानी भारत करेगा। पीसीबी ने इस चार साल की जर्नी में लगभग 238 दिनों का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निर्धारित किया है। जिसमें 27 आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, 47 वन डे इंटरनेशनल, 56 ट्वेंटी-ट्वेंटी इंटरनेशनल होंगे। साथ ही इसमें एसीसी 50 ओवर एशिया कप और आईसीसी चैम्पियशिप ट्रॉफी जो कि पाकिस्तान 2023 और 2025 में आयोजित करने वाला है।

#### क्या इंडिया करेगा बॉयकॉट

जैसे ही पाकिस्तान 2023 से 2027 के बीच होने वाले आईसीसी और एसीसी इवेंट्स को खत्म करेगा वैसे ही आयोजित होने वाले इन मैच की संख्या और बढ़ सकती हैं। बता दें कि फ्यूचर के टूर प्रोग्राम आईसीसी बोर्ड के द्वारा तैयार हो चुके हैं। हालांकि पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र में भी भारत का सामना नहीं करेगा। 2023-2025 में होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज के साथ मैच लड़ेगा। वहीं 2025-2027 में होने वाले चैम्पियनशिप बांग्लादेश, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज के साथ मैच लड़ेगा।




## केएल राहुल के इस गैस्चर ने जीता फैंस का दिल, राष्ट्रगान से पहले किया कुछ ऐसा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत ने जिम्बाब्वे दौरे का आगाज शानदार जीत के साथ किया। हरारे में खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने मेजबानों को 10 विकेट से रौंदकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। केएल राहुल की कप्तानी में टीम इंडिया ने पहली जीत दर्ज की। इसके अलावा भारतीय कप्तान ने अपने एक खूबसूरस गैस्चर से भी फैंस का दिल जीता। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 190 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे भारत ने शिखर धवन और शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी के चलते 30.5 ओवर में ही हासिल कर लिया।आमूमन जब खिलाड़ी मैदान पर उतरते हैं तो उनके मुंह में च्विंगम रहता है। राहुल भी जब मैदान पर उतरे तो वह भी च्विंगम चबा रहे थे, मगर फील्डिंग करने से पहले जब सभी खिलाड़ी राष्ट्रगान के लिए एकत्रित हुए तो नेशनल एंथम के सम्मान में राहुल ने च्विंगम को मुंह से निकाल दिया। फैंस को राहुल का यह गेस्चर खूब पसंद आया। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## युजवेंद्र की पत्नी धनश्री ने चहल सरनेम हटाया

### इंडियन स्पिनर की पोस्ट- हमारे रिलेशन पर चल रही अफवाहों पर ध्यान ना दें

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल और उनकी कोरियोग्राफर पत्नी धनश्री चर्चा में बने हैं। दरअसल, अपने सोशल मीडिया हैंडल से धनश्री ने चहल सरनेम नाम हटा लिया है। इसे देख कयास लगाए जा रहे हैं कि कपल के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। शादी के बाद धनश्री वर्मा ने अपने नाम में युजवेंद्र का सरनेम जोड़ा था। हालांकि, धनश्री ने अपने अकाउंट से अभी तक युजवेंद्र के साथ शेयर की फोटोज नहीं हटाई हैं। इसके बाद गुरुवार शाम युजवेंद्र ने पोस्ट शेयर कर इस पूरी घटना को अफवाह बताया है। उन्होंने लिखा- मेरी आप सभी से रिक्वेस्ट है कि आप लोग हमारे रिलेशनशिप को लेकर चल रही किसी भी प्रकार की झूठी खबरों पर ध्यान ना दें। इसे यहीं रोक दें। आप सभी को प्यार।

#### ऑनलाइन क्लास से शुरू हुई दोस्ती

युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ऑनलाइन क्लास के दौरान एक-दूसरे से पहली बार मिले थे। चहल ने डांस सीखने के लिए धनश्री की क्लास में एडमिशन लिया और यहीं से दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई। महज 3 महीने तक रिलेशनशिप में रहने के बाद इस कपल ने शादी करने का फैसला कर लिया।

#### 2020 में रिश्ते को किया ऑफिशियल

9 अगस्त 2020 को युजवेंद्र ने रोके की खबर सुनाते हुए अपने फैंस को सरप्राइज कर दिया था। धनश्री के साथ फोटो शेयर कर अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। इसके बाद 22 दिसंबर 2020 में दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। शादी के बाद यह कपल अपनी क्यूटनेस और रोमांटिक फोटोज के कारण आए दिन चर्चा में रहा।

#### युजवेंद्र ने शेयर किया नोट

धनश्री के नाम हटाते ही युजवेंद्र ने भी एक नोट शेयर किया है। इसमें लिखा है- न्यू लाइफ लोडिंग (New Life Loading)। हमेशा सोशल मीडिया पर प्यार भरे मोमेंट्स शेयर करने वाले इस कपल के ऐसे रिएक्शन देखकर फैंस भी हैरान हैं।





## मधुबाला का रोल प्ले करना चाहती हैं अनन्या पांडे

**मुंबई,एजेंसी।** एक्ट्रेस अनन्या पांडे जल्द ही साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के अपोजिट फिल्म च्लाइगरज् में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उन्होंने विजय की सुपरहिट फिल्म च्अर्जुन रेड्डीज् देखी थी तबसे वे उनके साथ काम करना चाहती थीं। इस फिल्म के जरिये, उनकी ये ख्वाहिश पूरी हो गई है।

## अनुपमा की भाभी बरखा ने दिखाया बोल्ड अंदाज



**मुंबई, एजेंसी।** टीवी शो च्अनुपमाज् में बरखा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अश्लेशा सावंत सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। वह आए दिन फैंस के लिए अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। टीआरपी लिस्ट में पहले पादयान पर रहने वाले शो च्अनुपमाज् में अनुपमा और अनुज कपाड़िया की भाभी बरखा का किरदार निभाने वाली अश्लेशा रियल लाइफ में बेहद फिट और बोल्ड हैं। अश्लेशा ने इंस्टाग्राम पर हाल ही में अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह अपनी फ्लैट बेली फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। अश्लेशा ने इस वीडियो को मेकअप रूम में रिकॉर्ड किया है जहां वह आइने में देखकर खुद की फ्लैट बेली को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट कर रही हैं। ये वीडियो काफी तेजी से फैन पेजों पर वायरल हो गया है। कमेंट बॉक्स में फैंस ने जमकर अश्लेशा और उनके लुक की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखा, खुले बालों में बहुत हसीन लग रही हो ज् वहीं एक यूजर ने लिखा, च्आपको किसी दिन हमारे साथ अपना हेल्थ रूटीन शेयर करना चाहिए मैम ज् बता दें कि टीवी शो अनुपमा में अश्लेशा निगेटिव रोल प्ले करती हैं और इस वक्त कहानी उनके इर्द-गिर्द ही घूम रही है।

#### अनुज की दौलत पर है बरखा की नजर

असल में अनुज कपाड़िया की बेशुमार दौलत पर नजरें गढ़ाए बैठी बरखा चाहती है कि उसके देवर की मौत हो जाए ताकि वह सारी जायदाद पर कब्जा कर ले। हालांकि अनुपमा के होते ऐसा होता फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। अपकमिंग एपिसोड्स में हम देखेंगे कि किस तरह बरखा अब अनुपमा पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर जैकलीन बोलीं...

## मजबूत हूं, मेरा हर सपना पूरा होगा, वकील ने कहा मेरी क्लाइंट खुद विक्टिम



**मुंबई, एजेंसी।** एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज ने गुरुवार को 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि वे साजिश का शिकार हुई हैं। ईडी जैकलीन को इस केस में आरोपी बनाने की तैयारी कर रही है। एक्ट्रेस के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि चार्जशीट में जैकलीन के नाम को लेकर श्वष्ठ की तरफ से अभी तक ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, आरोपी बनाए जाने की खबर के बाद जैकलीन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा- मैं सारी अच्छी चीजें पाने के लायक हूं।

#### वकील का दावा- सुकेश ने जैकलीन को भी ठगा

जैकलीन के वकील ने अपने बयान में कहा, फिलहाल हमें सिर्फ इतना पता चला है कि श्वष्ठ ने शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, यह भी जानकारी हमें मीडिया रिपोर्ट्स से ही मिली है। मेरे क्लाइंट को शिकायत की कोई कॉपी भी नहीं मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स अगर सही हैं तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें केस में आरोपी बनाया जा रहा है। सच यह है कि मेरी क्लाइंट इस केस में विक्टिम हैं, उनके साथ खुद धोखाधड़ी हुई है। कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर ने उन्हें भी ठगा है। मेरी क्लाइंट ने शुरुआत से ही पूछताछ में जांच एजेंसी का साथ दिया है। चार्जशीट में जैकलीन का नाम आना एक बड़ी साजिश है।

#### जैकलीन ने कहा- सब ठीक हो जाएगा

जैकलीन फर्नांडीज ने पोस्ट शेयर कर लिखा- डियर मी, मैं सभी अच्छी चीजों को पाने के लायक हूं। खुद को एक्सेप्ट भी करती हूं। एक दिन सब ठीक हो जाएगा, मैं मजबूत हूं। मैं अपने लक्ष्यों और सपनों को हासिल करूंगी, हां मैं यह कर सकती हूं।

#### क्यों बनाया जा रहा जैकलीन को आरोपी

सुकेश ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह को जेल से बाहर निकलवाने का झांसा देकर उनकी पत्नियों से 200 करोड़ से अधिक की ठगी की थी। जांच में पता चला कि सुकेश और जैकलीन अच्छे दोस्त हैं और रिलेशन में हैं। सुकेश ने जैकलीन को ठगी के पैसों से करो?ें रुपए के गिफ्ट दिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्वष्ठ का मानना है कि जैकलीन को शुरू से पता था कि इस केस के मख्य आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ठग है और वह जबरन वसूली करने वाला है। इनकी कई प्राइवेट फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं, जिसके बाद श्वष्ठ ने जैकलीन से पूछताछ की और दोनों की फोटोज को सबूत के रूप में रखा है। श्वष्ठ ने अप्रैल में एक्ट्रेस की सात करोड़ से अधिक संपत्ति अटैच की थी।

#### 200 करोड़ ठगी का पूरा मामला

सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े केस में सबसे पहले दिल्ली पुलिस में FIR दर्ज हुई थी। उस स्नढ्ढक्रपर दिल्ली EOW ने अगस्त में जांच शुरू की। इस मामले में श्वष्ठ ने भी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू कर दी थी। सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह को जेल से बाहर निकलवाने का झांसा देकर उनकी पत्नियों से 200 करोड़ से अधिक की ठगी की। सुकेश खुद को कभी PM ऑफिस और कभी गृह मंत्रालय से जुड़ा अधिकारी बताता। उसकी इस धोखाधड़ी में तिहाड़ जेल के कई अफसर भी शामिल थे। सुकेश इन सभी को मोटी रकम देता था। श्वष्ठ ने 24 अगस्त को चेन्नई में सुकेश का सी-फेसिंग बंगला सीज कर लिया था। बंगले से 82.5 लाख रुपए, 2 किलो सोना और 12 से ज्यादा लग्जरी कारें जब्त की गई थीं।

## जन्माष्टमी स्पेशल : साइलेंट फिल्मों के एक्टर खलील ने 'कृष्ण सुदामा' से की थी करियर की शुरुआत

### NTR ने निभाया था 17 फिल्मों में श्रीकृष्ण का किरदार



**मुंबई, एजेंसी। 19 अगस्त को देश भर में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जा रहा है। बॉलीवुड में भी भगवान श्रीकृष्ण को लेकर फिल्में बनाई गई हैं। फिल्मी इंडस्ट्री में ऐसे बहुत से कलाकार हैं जो श्रीकृष्ण की भूमिका में नजर आए हैं।**


#### ऐसे ही एक्टर्स और श्रीकृष्ण पर बेस्ड फिल्मों पर

**खलील-** सबसे पहले बात करते हैं साइलेंट फिल्मों के दौर के सुपरस्टार खलील की। ये 1920 से 1940 तक फिल्मों में सक्रिय रहे थे। खलील की पहली फिल्म 1902 में रिलीज हुई कृष्ण सुदामा थी, जोकि एक साइलेंट फिल्म थी। इस फिल्म को कोहिनूर फिल्म कंपनी और इंपीरियल फिल्म कंपनी द्वारा मिलकर बनाया गया था। उन्होंने एक्टिंग करियर के शुरुआती दिनों में कई माइथोलॉजिकल फिल्मों में हिंदू देवताओं की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कई बार कृष्ण और राम का रोल प्ले किया था। खलील ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 'मैंने अपनी लाइफ में सबसे ज्यादा काम हिंदू लोगों के साथ ही किया है। जब मैं फिल्म इंडस्ट्री में सांप्रदायिकता के बारे में सुनता हूं तो मेरा दिल धड़कता है। मुझे हिंदू और मुस्लिम, दोनों लोगों ने बहुत प्यार और सम्मान दिया है। हम सभी कला के भक्त हैं और कला किसी भी समुदाय से ऊपर है।'

**एनटी रामा राव -** तेलुगु सुपरस्टार एनटी रामा राव ने ज्यादातर माइथोलॉजिकल फिल्मों में ही काम किया था। उन्होंने 17 फिल्मों में भगवान श्रीकृष्ण का रोल प्ले किया था। ये पहले ऐसे एक्टर है जिन्होंने सबसे ज्यादा बार श्रीकृष्ण का रोल किया है। उनकी फिल्मों में भगवत पुराण से भी कई कहानियां लीं गईं थीं। उनकी फिल्मों की ये खासियत थी कि उनमें माइथोलॉजिकल किरदारों को स्थानीय कहानियों के साथ मिलाकर बेहद ही खूबसूरत ढगं से दिखाया जाता था। उन्होंने अपने करियर में करीब 300 फिल्मों में काम किया था।

**जैमिनी गणेशन -** तमिल फिल्म के फेमस एक्टर जैमिनी गणेशन भी फिल्मी पर्दे पर भगवान कृष्ण के रोल में नजर आए हैं। तमिल सिनेमा में उन्हें च्कधल मन्नानज् यानी च्रोमांस का राजाज् कहा जाता है। जैमिनी ने 1948 में रिलीज हुई फिल्म चक्रधारी में श्रीकृष्ण का किरदार निभाया था। हालांकि उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई थी पर उनके इस किरदार को लोगों ने बहुत पसंद किया था।

**पवन कल्याण-** तेलुगु एक्टर पवन कल्याण तमिल फिल्म ओह माय गॉड में भगवान श्रीकृष्ण के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म को शुरुआत में पवन नहीं करना चाहते थे पर 10 दिन तक मनाने के बाद वो इस फिल्म को करने के लिए मान गए थे। फिल्म में उनका स्क्रीन टाइम महज 25 मिनट है।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)